मई

2015

# Most IMP Current Affairs






amazon.in

State Bank of India Pure Banking. Nothing else.

**Atal Pension Yojana**

Minimum Investment, Maximum Benefits during old-age






MUMBAI INDIANS

Useful For....

UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams

Crack GPSC™

www.crackgpsc.com

www.crackgpsc.com

# मई 2015

## We are famous for…

**The Most IMP,**

**Authentic,**

**To the point,**

**Up to date**

## Material




www.crackgpsc.com

# Most Imp Current Affairs – May 2015

## ➢ 1st week

- **उत्तर और दक्षिणी अमेरिका से रूबेला का उन्मूलन**
  उत्तर और दक्षिण अमेरिका रूबेला को नष्ट करने वाले विश्व के पहले प्रांत बन गए। रूबेला को जर्मन मीजल्स के नाम से भी जाना जाता है। इससे पहले 1971 में, स्मालपॉक्स के उन्मूलन में यह क्षेत्र दुनिया का पहला क्षेत्र बना था और 1994 में पोलियो के उन्मूलन में भी इसका प्रथम स्थान रहा। रूबेला, रूबेला वायरस के कारण होने वाला एक संक्रमण है। यह वायरस छींक या खांसी से फैलता है। यह सामान्यता चेहरे से शुरू होता है और फिर पूरे शरीर में फैलता है। यह रोग मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए खतरा है।

- **मलाला पर हमला करने वाले आतंकियों को 25 वर्ष कैद की सज़ा**
  वर्ष 2012 में मलाला यूसुफजई पर हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की अदालत ने 10 आतंकवादियों को 25 वर्ष कैद की सज़ा सुनाई। वर्ष 2014 में शांति नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मलाला पर पाकिस्तान की स्वात घाटी में यह हमला हुआ था।

- **दो भारतीयों डॉ आनंद कुमार और डॉ प्रमोद पाटिल को विटले सम्मान**
  वन्य जीव जंतु संरक्षण पर काम करने के लिए दो भारतीयों डॉ आनंद कुमार और डॉ प्रमोद पाटिल को विटले सम्मान से नवाजा गया। विटले अवार्ड को ग्रीन ऑस्कर भी कहा जाता है। डॉ कुमार को यह सम्मान दक्षिण भारत में मानव को हाथियों के प्रति संवेदनशील बनाने हेतु एक नया संचार तंत्र विकसित करने के लिए दिया गया। डॉ पाटिल को यह सम्मान राजस्थान के थार मरुस्थल में आइयकोनिक पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की प्रजाति के संरक्षण के लिए दिया गया।

- **पश्चिम बंगाल का नादिया भारत का पहला खुले में शौच-मुक्त जिला घोषित**
  पश्चिम बंगाल के नादिया जिले को भारत का पहला खुले में शौच-मुक्त जिला घोषित किया गया। नादिया विश्व बैंक व यूनीसेफ के सम्मिलित प्रयासों से यह सम्मान प्राप्त करने में सफल हुआ जिसके तहत पूरे जिले में शौचालयों का निर्माण किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को 'निर्मल बांग्ला दिवस' के रूप में मनाये जाने की और 'निर्मल बांग्ला मिशन' की भी शुरुआत की।

- **चीन ने नई कार्य योजना वन बेल्ट, वन रोड नई पहल जारी की**

www.crackgpsc.com

चीन की शीर्ष आर्थिक योजना एजेंसी नेशनल डेवलपमेंट एंड रिफॉर्म कमीशन (एनडीआरसी) ने एक नई कार्य योजना वन बेल्ट, वन रोड पहल जारी की। इस पहल के माध्यम से एशिया, यूरोप और अफ्रीका को जोड़ने के लिए नए मार्ग स्थापित किए जाएंगे।

- **माइक्रोसॉफ्ट ने अपने नए वेब ब्राउजर का नाम 'एज' रखा**

  अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपने अगले वेब ब्राउजर के नाम के रूप में एज की घोषणा की। विदित हो कि माइक्रोसॉफ्ट ने इसे प्रोजेक्ट स्पार्टन का नाम दिया है। ब्राउज़र भविष्य में इंटरनेट एक्सप्लोरर (आईई) की जगह ले सकता है।

- **गुजरात के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ब्रजारजी परादीवाला का निधन**

  गुजरात के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ब्रजारजी परादीवाला का निधन हो गया। दिवंगत परादीवाला वलसाड के एक जाने माने वकील थे। परादीवाला ने 1955 में गुजरात के वलसाड शहर में वकील के तौर पर बार की सदस्यता ली और 40 वर्षों तक वकालत की।

- **प्रणय रॉय रेड इंक लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित**

  एनडीटीवी के कार्यकारी सह-अध्यक्ष प्रणय रॉय को रेड इंक लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एनडीटीवी के श्रीनिवासन जैन को जर्नलिस्ट ऑफ दि इयर का पुरस्कार दिया गया। रेड इंक लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2010 में मुंबई प्रेस क्लब द्वारा समाज में पत्रकारिता के मूल्य को दर्शाने के लिए की गयी थी।

- **मौलाना वाहिदुद्दीन को सैयदियाना इमाम अल हसन इब्न अली शांति पुरस्कार**

  प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान और कार्यकर्ता मौलाना वाहिदुद्दीन खान को सैयदियाना इमाम अल हसन इब्न अली शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौलाना वाहिदुद्दीन को उनके ज्ञान और शांति कायम रखने के प्रयासों के कारण जाना जाता है। मौलाना ने इस्लाम पर कई पुस्तकें और लेख लिखे हैं। वह गांधीवादी विचारधारा के लिए भी प्रसिद्ध हैं। उनका विश्वास है कि सफलता प्राप्त करने के लिए सिर्फ अहिंसा ही एक मात्र विधि है।

- **हरियाणा ने किया बच्चों का जन्म के साथ ही आधार रजिस्ट्रेशन का प्रावधान**

  हरियाणा सरकार ने बच्चों का जन्म के साथ ही आधार रजिस्ट्रेशन का प्रावधान किया। इसके तहत सात दिन के भीतर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इस से बच्चे को सभी कल्याण और स्वास्थ्य संबंधी लाभ दिए जाने की निगरानी करने में और बच्चे के टीकाकरण से लेकर स्कूल में दाखिला के लिए 'ट्रैकिंग' (निगरानी) करने में मदद मिलेगी।

- **राफेल नडाल गोल्डन मेडल फॉर मेरिट से सम्मानित**

  टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को स्पेन में उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्डन मेडल फॉर मेरिट प्रदान किया गया। गोल्डन मेडल स्पेन के शीर्ष नागरिक सम्मान में से एक है जो किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। राफेल नडाल ने 14 बार ग्रैंड स्लैम का खिताब जीता है।

www.crackgpsc.com

- **सुरेंद्र सिंह ने सीआईएसएफ के महानिदेशक का पदभार संभाला**
  वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। सीआईएसएफ का मुख्यालय नई दिल्ली में है। इस बल में 1.41 लाख सुरक्षा कर्मी हैं, जो देश में सबसे प्रमुख और रणनीति से संबंधित संस्थानों जैसे नागरिक हवाई अड्डे में मजबूत सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालते हैं।

- **स्नैपडील और इसके सीईओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश**
  महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने स्नैपडील और इसके सीईओ कुनाल बहल व संचालकों के खिलाफ डॉक्टर की लिखित अनुमति के बिना दवाइयां ऑनलाइन बेचने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किया। औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अनुसार डॉक्टर की पर्ची के बिना दवाएं बेचना अपराध है। एफडीए अन्य ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों जैसे फ्लिपकार्ट और एमेजॉन की भी जांच करेगी।

- **न्यूजीलैंड के माइकल कैम्पबेल की पेशेवर गोल्फ से संन्यास की घोषणा**
  न्यूजीलैंड के गोल्फर माइकल कैम्पबेल ने पेशेवर गोल्फ से संन्यास की घोषणा की। माइकल कैम्पबेल ने महान गोल्फर टाइगर वुड्स को हराकर वर्ष 2005 का यूएस ओपन खिताब जीता था।

- **वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ चौधरी का निधन**
  वरिष्ठ पत्रकार, लेखक अमिताभ चौधरी का निधन हो गया। वे लगभग तीस वर्षों से प्रमुख बंगाली दैनिक समाचार पत्रों आनंद बाजार पत्रिका, युगांतर और आजकल से जुड़े थे। इसके अलावा, उन्होंने लगभग 40 किताबों का लेखन भी किया, जिसमें अधिकांश रवीन्द्रनाथ टैगोर पर आधारित है। उन्हें भारत में व्यक्तिगत अधिकारों और समुदाय के हितों पर उनकी रिपोर्टिंग के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार प्रदान किया गया था।

- **मुक्केबाजी मुकाबले में फ्लॉयड मेवेदर ने मैनी पैक्वे को हराया**
  फ्लॉयड मेवेदर ने लास वेगास में खेले गए मुक्केबाजी मुकाबले में मैनी पैक्वे को हरा दिया। यह मुकाबला मुक्केबाजी इतिहास का अब तक का सबसे महंगा मुकाबला था। मेवेदर को मुकाबला जीतने के बाद 1147 करोड़ रुपये मिले जबकि पैक्वे को हारने के बावजूद 764 करोड़ रूपये मिले।




www.crackgpsc.com

- **विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस विश्व स्तर पर मनाया गया**

  3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस (World Press Freedom Day) मनाया गया। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2015 का विषय 'Let Journalism Thrive! Towards better reporting, gender equality and media safety in the digital age' है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की थी। यूनेस्को द्वारा 1997 से प्रतिवर्ष विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'गिलेरमो कानो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम प्राइज' भी दिया जाता है। यह पुरस्कार उस व्यक्ति अथवा संस्थान को दिया जाता है जिसने प्रेस की स्वतंत्रता के लिए उल्लेखनीय कार्य किया हो। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी पत्रकार निर्भय होकर अपना काम करने की शपथ लेते है।

- **सीरियाई पत्रकार माजेन डेरविश को यूनेस्को का प्रेस फ्रीडम पुरस्कार 2015**

  संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक संस्था 'यूनेस्को' ने सीरियाई पत्रकार एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता माजेन डेरविश को यूनेस्को का प्रेस फ्रीडम पुरस्कार / गिलेरमो कानो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम पुरस्कार- 2015 देने की घोषणा की। माजेन डेरविश वर्तमान में सीरिया के एक जेल में बंद हैं। डेरविश को यह पुरस्कार सीरिया में उनके 10 साल से भी ज्यादा समय के काम के लिए दिया गया। डेरविश एक स्वतंत्र न्यूज वेबसाइट 'सीरिया न्यू डॉट नेट' के संस्थापकों में से एक हैं। सीरियाई प्रशासन ने वर्ष 2006 में इस वेबसाइट पर प्रतिबंध लगा दिया था।

  **यूनेस्को का प्रेस फ्रीडम पुरस्कार:** यूनेस्को द्वारा वर्ष 1997 से हर वर्ष 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दिया जाता है। यह पुरस्कार उस व्यक्ति अथवा संस्थान को दिया जाता है, जिसने प्रेस की स्वतंत्रता के लिए उल्लेखनीय कार्य किया हो।

- **रोजर फेडरर ने इस्ताम्बुल ओपन का खिताब जीता**

  स्विट्जरलैंड के टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने पहली बार इस्ताम्बुल ओपन का खिताब जीत लिया। यह उनके करियर का 85वां खिताब था। उनके नाम 237 हफ्तों तक प्रथम स्थान पर रहने का रिकॉर्ड है। उनके नाम कई रिकॉर्ड हैं, जिसमें लगातार 10 ग्रैंड स्लैम फाइनलों तथा लगातार 19 ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल मुकाबलों में शामिल होना भी सम्मिलित है।

- **गौ-उत्पादों पर अनुसंधान के लिए गौ-मूत्र रिफाइनरी का उद्घाटन**

  राजस्थान के जालौर जिले में स्थित पथमेडा गांव में गौ-उत्पादों पर अनुसंधान हेतु गौ-मूत्र रिफाइनरी का उद्घाटन किया गया। गाय उत्पादों पर अनुसंधान के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण द्वारा भारतीय पारंपरिक प्रणाली के अनुसार दवाओं का उत्पादन किया जायेगा।

- **आरएसपीबी ने 5वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती**

  रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) ने 5वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती। रेलवे ने झारखंड को हराया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इतवारी मुंडू को बेस्ट मिडफिल्डर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

www.crackgpsc.com

- **संदीप जाजोदिया को बॉक्सिंग इंडिया के अध्यक्ष पद से हटाया गया**

  बॉक्सिंग इंडिया (बीआई) की आम सभा की विशेष बैठक में संदीप जाजोदिया को अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। बॉक्सिंग इंडिया (बीआई) देश भर के विभिन्न राज्यों या क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 32 मुक्केबाजी संघों का महासंघ है।

- **सेना ने फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप जीती**

  भारतीय सेना की टीम 19वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में विजेता बनीं। पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हरियाणा के शॉट पुटर इंदरजीत सिंह ने जीता। ओडिशा की सर्बाणी नंदा सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई।

- **डालियन वांडा समूह के संस्थापक 'वांग जिआनलिन' एशिया के सबसे धनी व्यक्ति**

  ब्लूमबर्ग रिपोर्ट के अनुसार डालियन वांडा ग्रुप कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संस्थापक 'वांग जिआनलिन' (चीन) को एशिया का सबसे धनी व्यक्ति। वांग दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में 10वें पायदान पर हैं। अलीबाबा ग्रुप के चेयरमैन जैक मा एशिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी हैं।

- **इंग्लिश फुटबॉल क्लब चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब जीता**

  इंग्लिश फुटबॉल क्लब चेल्सी ने क्रिस्टल पैलेस को पराजित कर इंग्लिश प्रीमियर लीग 2014-15 का खिताब जीता। प्रीमियर लीग इंग्लिश फुटबॉल की शीर्ष लीग प्रतियोगिता है। वर्ष 1888 में द फुटबॉल लीग से कुछ क्लबों के अलग होने के बाद 1992 में इंग्लिश प्रीमियर लीग की स्थापना की गई। इसे आधिकारिक तौर पर बार्क्लेज प्रीमियर लीग के रूप में भी जाना जाता है।

- **चीनी राजनयिक लू पिंग का निधन**

  चीनी राजनयिक लू पिंग का निधन हो गया। उन्होंने हॉगकॉग को अंग्रेजों की अधीनता से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चीन द्वारा प्रथम ओपियम वॉर (1939-42) में हारने के बाद संधि के अनुसार हॉगकॉग ब्रिटेन को 99 वर्षों के लिए लीज़ पर दे दिया गया था। इसे 1997 में चीन को सौंप दिया गया। साथ ही यह "एक राष्ट्र, दो प्रणाली" के तहत 1 जुलाई 1997 को चीन का पहला विशेष प्रशासनिक क्षेत्र भी बना।

- **पेटीएम ने डोमिनोज और कैफे कॉफी डे के साथ समझौता किया**

  पेटीएम ने ऑफ़लाइन भुगतान के लिए त्वरित सेवा रेस्तरां डोमिनोज और कैफे कॉफी डे के साथ समझौता किया। इस समय पेटीएम डीटीएच और मोबाइल फोन सेवाओं के लिए रिचार्ज सेवाओं की पेशकश करती है।

- **स्वदेशी सुपरसोनिक मिसाइल 'आकाश' सेना में शामिल**

  स्वदेशी सुपरसोनिक मिसाइल 'आकाश' को सेना में शामिल किया गया। सेना के प्रमुख जनरल

www.crackgpsc.com

दलबीर सिंह सुहाग ने इसका लोकार्पण किया। आकाश मिसाइल दुश्मन के हेलीकॉप्टरों, विमानों और मानवरहित विमानों को 25 किलोमीटर दूर से निशाना बना सकता है। आकाश डीआरडीओ द्वारा वर्ष 1984 में शुरू किए गए इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम की पांच मूल मिसाइल प्रणालियों में से एक है। इसकी तकनीकी प्रणाली सभी मौसमों में एकसाथ एक से अधिक लक्ष्यों को साधने में सक्षम है।

- **विनिर्माण उत्पादन में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा: एचएसबीसी**

  एचएसबीसी द्वारा जारी 'पर्चेजिंग मैनेजर्स सूचकांक' (पीएमआई) के अनुसार चालू वित्त वर्ष (2015-16) के पहले महीने में भारत और चीन दोनों में विनिर्माण सूचकांक में भारी कमी के बीच भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया। भारत का विनिर्माण सूचकांक मार्च 2015 के 52.1 से घटकर 51.3 रह गया है जबकि चीन का सूचकांक 49.6 से घटकर 48.9 पर आ गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना विनिर्माण में बढ़ोतरी को, जबकि 50 से नीचे रहना उत्पादन में कमी दिखाता है।

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो से जुड़े**

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो से जुड़ गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई 2015 से चीन, मंगोलिया और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रहेंगे। सिना वीबो एक चीनी माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट है। चीन के 30 प्रतिशत इंटरनेट उपयोगकर्ता वीबो का इस्तेमाल करते हैं।

- **विश्व अस्थमा दिवस 2015 विश्व स्तर पर मनाया गया**

  5 मई 2015 को विश्व अस्थमा दिवस मनाया गया। वर्ष 2015 हेतु विश्व दमा दिवस का विषय है - यू कैन कंट्रोल योर अस्थमा। यह दिवस प्रत्येक वर्ष के मई महीने के पहले मंगलवार को मनाया जाता है। इस का आयोजन प्रत्येक वर्ष ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा (जीआईएनए) द्वारा किया जाता है। वर्ष 1998 में पहली बार बार्सिलोना, स्पेन सहित 35 देशों में विश्व अस्थमा दिवस मनाया गया।

- **गोवा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारम्भ**

  गोवा के मुख्यमंत्री लक्ष्मीकांत पार्सेकर ने पणजी में राज्य स्तर पर "बेटी बचाओ, बेटी पढाओ" योजना आरंभ की। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं का सशक्तिकरण तथा उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाना है।

- **वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) विधेयक 2014 लोकसभा में पारित**

  वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विधेयक 2014 लोकसभा में पारित किया गया। इसे संविधान (122वां संशोधन) विधेयक 2014 भी कहते हैं। इस का उद्देश्य भारत में अप्रत्यक्ष करों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाना है। जीएसटी लागू होने के बाद पूरा देश एक साझा

www.crackgpsc.com

बाजार बन जायेगा तथा यह व्यापार बढ़ाने में सहायक होगा। इससे विनिर्माण को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार को कम करने में मदद मिलेगी। इससे मुद्रास्फीति में भी कमी आयेगी और आने वाले समय में आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी उत्पाद शुल्क, सेवा कर जैसे केन्द्रीय करों तथा वैट, मनोरंजन कर, खरीद कर और चुंगी जैसे राज्य स्तरीय करों का स्थान लेगा। ये सभी कर जीएसटी में समाहित हो जायेंगे। एल्कोहल को छोड़कर सभी वस्तुओं और सेवाओं को जीएसटी के दायरे में शामिल किया गया। जीएसटी परिषद के निर्णय के बाद पेट्रोलियम पदार्थों को भी जीएसटी के दायरे में लाया जायेगा। राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की पांच साल तक पूरी तरह भरपाई की जायेगी। जीएसटी कर व्यवस्था को 1 अप्रैल 2016 से लागू किया जाना है।

- **सलमान खान को हिट एंड रन केस में पांच साल की सजा**

  सेशंस कोर्ट ने फिल्म अभिनेता सलमान खान को हिट एंड रन केस में पांच साल की सजा सुनाई। सलमान नशे में गाड़ी चलाते हुए एक व्यक्ति के गैर इरादतन हत्या एवं अन्य को घायल करने के दोषी हैं। उन्हें आईपीसी की धारा 304 (2) (गैर-इरादतन हत्या) सहित अन्य दंडात्मक कानूनों के तहत दोषी करार दिया गया। आईपीसी की धारा 304 (भाग-दो) के तहत गैर-इरादतन हत्या के जुर्म में सलमान को पांच साल जेल की सजा सुनाई गई जबकि इस अपराध में 10 साल की अधिकतम सजा का प्रावधान है। इस जुर्म में उन पर 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। सलमान को आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाना), 337 और 338 के तहत भी दोषी करार दिया गया। इसमें छह महीने जेल की सजा है। इसके अलावा, उन्हें मोटर वाहन कानून की धारा 181 (लाइसेंस के बगैर गाड़ी चलाना) और 185 (नशे में गाड़ी चलाना) के तहत छह महीने जेल की सजा सुनाई गई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने उन्हें दो दिन की जमानत दी।

- **मिन्त्रा डॉट कॉम द्वारा नेटिव 5 सॉफ्टवेयर सोल्यूशन का अधिग्रहण**

  ऑनलाइन फैशन रिटेलर मिन्त्रा डॉट कॉम ने बेंगलुरू स्थित स्टार्टअप फर्म नेटिव 5 सॉफ्टवेयर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण किया। नेटिव 5 की टीम मिन्त्रा के मोबाइल एप्लीकेशन प्रोग्राम विकसित करने पर काम करेगी।

- **गिर वन अभयारण्य में 67 रेत खदानों को बंद करने का आदेश**

  गुजरात उच्च न्यायालय ने गिर वन अभयारण्य क्षेत्र में चल रही 67 रेत खदानों को बंद करने का आदेश दिया। गिर वन एशियाई शेरों का एकमात्र निवास स्थान है।

- **केंद्रीय सरकारी एजेंसियों को मेगा फूड पार्क में 26% से अधिक निवेश की अनुमति**

  आर्थिक मामलों पर केंद्रीय मत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने मेगा फूड पार्क में केंद्रीय सरकारी एजेंसियों के निवेश की सीमा से संबंधित प्रावधान में छूट प्रदान की। अब एजेंसियों को

स्पेशल पर्पज व्हीकल में (एसपीवी) उनकी इक्विटी होल्डिंग पर 100% के निवेश तक की अनुमति प्रदान की गई है, वर्तमान में यह सीमा 26% है। मेगा फ़ूड पार्क (एमएफपी) योजना यूपीए सरकार द्वारा साल 2008 में शुरू की गई थी। यह खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिनके कारण भारत में 33% के आसपास भोजन बर्बाद होता है। यह भारत को विश्व में सबसे ज्यादा भोजन बर्बाद करने वाला बताता है। एमएफपी की स्थापना के लिए केंद्र सरकार द्वारा 50 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

- **शार्ली हेब्डो पेन पुरस्कार से सम्मानित**

  फ्रांसीसी व्यंग्य पत्रिका शार्ली हेब्डो पेन पुरस्कार से सम्मानित। पेन अमेरिकन सेंटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रोत्साहन देने के तहत यह पुरस्कार दिया गया। जनवरी 2015 में पैगम्बर मुहम्मद के व्यंग्य चित्र बनाने पर मैगजीन शार्ली हेब्डो के पेरिस स्थित कार्यालय में हुए आतंकवादी हमले में 12 लोग मारे गए थे।

- **रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट में विदेशी निवेश की मंजूरी**

  केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (REIT) में विदेशी निवेश की मंजूरी प्रदान की। इस का उद्देश्य अप्रवासी भारतीयों (एनआरआई) सहित विदेशी और घरेलू स्रोतों से दीर्घकालिक वित्त को आकर्षित करना है।

- **पूर्व गुजरात मुख्य सचिव आचल कुमार चुनाव आयुक्त नियुक्त**

  गुजरात के मुख्य सचिव रह चुके आचल कुमार ज्योति को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। ज्योति इस पद पर अगले तीन वर्ष तक रहेंगे। वे उद्योग, राजस्व, जलापूर्ति विभागों में रह चुके हैं।

- **भारतीय स्टेट बैंक ने 'रूपे' प्लैटिनम डेबिट कार्ड लॉन्च किया**

  देश के सबसे बड़े सार्वजानिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन आफ इंडिया के साथ मिलकर 'रूपे' प्लैटिनम डेबिट कार्ड लॉन्च किया। रूपे कार्ड से सभी चैनलों, एटीएम, पीओएस तथा ई-कामर्स पर भुगतान किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) रूपे प्लेटफॉर्म पर प्लैटिनम डेबिट कार्ड लॉन्च करने वाला पहला बैंक है।

- **सिंगापुर के प्रधानमंत्री द्वारा लिटिल इंडिया में पहले संग्रहालय का उद्घाटन**

  सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली हीन लूंग ने लिटिल इंडिया में पहला संग्रहालय इंडियन हेरिटेज सेंटर शुरू किया। यह संग्रहालय भारतीय इतिहास को समर्पित है। सिंगापुर अपनी स्वतंत्रता के 50 साल के साथ भारत के साथ कूटनीतिक रिश्तों के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है।

- **एडीबी के साथ 31 मिलियन अमेरिकी डॉलरों के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर**

www.crackgpsc.com

केंद्र सरकार और एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने कर्नाटक में चुनींदा नदी घाटियों में पानी की उपलब्धता को बेहतर बनाने और सिंचाई के लिए जल दक्षता में सुधार सुनिश्चित करने के लिए 31 मिलियन अमेरिकी डॉलरों के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कार्यक्रम राज्य में तीन नदि घाटियों में जल दक्षता में सुधार लाएगा और 1700 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाएगा। बचाए गए पानी का इस्तेमाल अतिरिक्त 160000 हेक्टेयर कृषिभूमि में इस्तेमाल किया जा सकेगा जिससे कृषि से होने वाली आमदनी में करीब 50% की बढ़ोतरी होगी और इससे 1.5 मिलियन लोगों को लाभ होगा।

- **नेपाल राष्ट्र बैंक दोबारा घर बनाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेगा**

  नेपाल राष्ट्र बैंक द्वारा दोबारा घर बनाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की गई। बैंक काठमांडु घाटी में नेपाल मुद्रा में 25 लाख रुपये तक के ऋण और राजधानी के बाहर के स्थानों पर 15 लाख नेपाली रुपये प्रदान करेगा। यह नेपाल का केंद्रीय बैंक है।

- **निरस्त और संशोधन विधेयक 2015 लोकसभा में पारित**

  निरस्त और संशोधन विधेयक, 2015 लोकसभा में पारित किया गया। इसके साथ ही यह विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया। इस विधेयक में 36 पुराने कानूनों को निरस्त करने की मांग की गई थी जो आंशिक या पूर्ण रूप से अप्रचलित हो गए हैं। 36 अधिनियमों में से चार को पूरी तरह से निरस्त कर दिया जाएगा। इसमें इंडियन फिशरीज एक्ट, 1897, फॉरेन ज्यूरिडिक्शन एक्ट, 1947 और शुगर अंडरटेकिंग्स (टेकिंग ओवर ऑफ मैनेजमेंट) एक्ट, 1978 शामिल है। शेष 32 अधिनियम जिन्हें निरस्त किया जा रहा है, उनके मूल अधिनियमों में संशोधन किया जा रहा है। इसमें रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट, 1951, हिन्दू मैरिज एक्ट, 1955, इंडियन एविडेंस एक्ट, 1872 आदि शामिल हैं। देश में करीब 1741 कानून अनुपयोगी हो चुके हैं लेकिन अब भी मौजूद हैं। इस संदर्भ में सरकार ने कुछ विनियोग अधिनियमों की पहचान की थी और इन्हें निरस्त किए जाने की जरूरत बताई थी।

- **अरविंद सक्सेना संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य नियुक्त**

  राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अरविंद सक्सेना को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का सदस्य नियुक्त किया। इस नियुक्ति के साथ, सक्सेना रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) से संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य बनने वाले पहले अधिकारी बन गए।

- **स्वामी चिन्मयानंद की जन्मशताब्दी के अवसर पर सिक्का जारी**

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी चिन्मयानंद की जन्मशताब्दी के अवसर पर एक सिक्का जारी किया। स्वामी चिन्मयानंद ने शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।



www.crackgpsc.com

- **ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी को 331 सीटों के साथ बहुमत**

  डेविड कैमरन के नेतृत्व वाली सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी ने ब्रिटेन आम चुनाव में संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स की कुल 650 सीटों में से 331 सीटें जीतकर बहुमत प्राप्त किया। इस जीत के साथ ही निवर्तमान प्रधानमंत्री डेविड कैमरन लगातार प्रधानमंत्री बने रहेंगें। इस चुनाव में भारतीय मूल के रिकॉर्ड 10 लोग सांसद निर्वाचित हुए।

## ➢ 2nd week

- **राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने रूस की यात्रा की**

  भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने रूस की यात्रा की। भारत और रूस के बीच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 11 आशय-पत्रों (Memorandum of Intent, MoI) पर मॉस्को में हस्ताक्षर हुए। प्रणब मुखर्जी 9 मई 2015 को मॉस्को में विजय दिवस के 70वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए। विजय दिवस दूसरे विश्व युद्ध में रूस की जीत की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को मास्को में रूसी कूटनीतिक अकादमी की ओर से मानद डाक्ट्रेट की डिग्री भी प्रदान की गई।

- **पोरबंदर के नौसेना बेड़े में आईएनएस सरदार पटेल शामिल**

  पोरबंदर स्थित भारतीय नौसेना में आईएनएस सरदार पटेल, नौसैनिक पोत को शामिल किया गया। समारोह में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की संगमरमर की मूर्ति तथा कमीशन पट्टिका का अनावरण किया गया। कोमोडोर बीआर प्रकाश आईएनएस सरदार पटेल के पहले कमांडिंग आफिसर हैं। गुजरात के बंदरगाहों पर हर साल लगभग 300 मिलियन टन कार्गो का परिचालन होता है। यह भारत के बंदरगाहों में कुल मालवहन का 30% है। गुजरात में 880 नॉटिकल मील (12 नॉटिकल मील = 22.2 किमी) लंबा समुद्री तट है। यही नहीं, गुजरात पाकिस्तान के साथ 532 किलोमीटर लंबी लैंड बाउंड्री साझा करता है।

- **शशि कपूर को दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2014 प्रदान**

  भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए शशि कपूर भारतीय सिनेमा जगत के सबसे बड़े सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2014 से सम्मानित। शशि कपूर ने दीवार, कभी कभी, नमक हलाल, शान, सत्यम शिवम सुंदरम, त्रिशूल, काला पत्थर, सिलसिला जैसी फिल्मों सहित 116 फिल्मों में अभिनय किया। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से दिया जाने वाला वार्षिक पुरस्कार है।

करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ
www.crackgpsc.com

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाइ) की शुरुआत**

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता, पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाइ) की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत अंशदाताओं को 330 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान करने पर 2,00,000 रुपये के जीवन बीमा का लाभ मिलेगा। पीएमजेजेबीवाई 18 से 50 वर्ष की आयु समूह के उन लोगों के लिए उपलब्ध होगी, जिनका कोई बैंक खाता होगा, जिससे 'स्वतः डेबिट' सुविधा के जरिए प्रीमियम वसूल किया जाएगा।

- **प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) की शुरुआत की**

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 मई 2015 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) की शुरुआत की। यह एक दुर्घटना बीमा योजना है (एआईएस) है। इस के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु और पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2,00,000 रुपये और आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1,00,000 रुपये के बीमा लाभ का प्रावधान है। इस के लिए वार्षिक 12 रुपए का प्रीमियम देना होगा। यह योजना 18 से 70 वर्ष की आयु समूह के उन लोगों के लिए उपलब्ध होगी जिनका कोई बैंक खाता होगा, जिसमें से "स्वतः डेबिट" सुविधा के जरिए प्रीमियम वसूल किया जाएगा।

- **प्रधानमंत्री ने अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की शुरुआत की**

  असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता, पश्चिम बंगाल में अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की शुरुआत की। यह योजना 1 जून 2015 से लागू होगी। इस योजना के अंतर्गत अंशदाताओं को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 1000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक प्रतिमाह पेंशन मिलेगी, जो उनके अंशदान पर निर्भर करेगी। यह अंशदान किसी व्यक्ति के योजना में शामिल होने के समय उसकी आयु के अनुसार निर्धारित किया जाएगा। केंद्र सरकार पात्र अंशदाता के खाते में हर वर्ष कुल अंशदान का आधा हिस्सा अथवा 1000 रुपये, इनमें जो भी कम हो, जमा कराएगी। अटल पेंशन योजना में शामिल होने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष होगी। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) के सर्वेक्षण वर्ष 2011-12 के 66 वें दौर के अनुसार, भारत में कुल श्रम शक्ति के अंतर्गत 88% असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं। लेकिन इनके लिए किसी भी औपचारिक पेंशन का प्रावधान नहीं है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2010 -11 में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों के लिए 'स्वावलंबन' नामक एक अंशदायी पेंशन योजना आरंभ की थी। हालांकि, यह योजना कई कारणों से सफल नहीं हो पाई। स्वावलंबन योजना को उपयुक्त समर्थन नहीं मिल पा रहा था इसलिए योजना को नए रूप में पेश करने के उद्देश्य से अटल पेंशन योजना (एपीवाई) शुरु की गई।

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्नपुर इस्को स्टील प्लांट राष्ट्र को समर्पित किया**

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्नपुर इस्को स्टील प्लांट (आइएसपी) राष्ट्र को समर्पित किया।

www.crackgpsc.com

आइएसपी के नए संयंत्र का निर्माण केवल 950 एकड़ में किया गया है, जो इसे उद्योग के मानकों द्वारा दुनिया के सबसे कॉम्पैक्ट प्लांटों में से एक बनाता है।

- **राष्ट्रपति ने मॉस्को में भारतीय संस्कृति उत्सव "नमस्ते रूस" का उद्घाटन किया**

  राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मॉस्को में भारतीय संस्कृति उत्सव 'नमस्ते रूस' का उद्घाटन किया। इस के अंतर्गत भारतीय समूह रूस के विभिन्न शहरों में नृत्य एवं संगीत के कार्यक्रम पेश करेंगे। इसके अंतर्गत भारतीय कलाकारों की पेंटिंग्स एवं मूर्तियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

- **भारतीय मूल की प्रीती पटेल ब्रिटिश मंत्रिमंडल में शामिल**

  भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक प्रीती पटेल को ब्रिटेन सरकार ने कोषागार मंत्री नियुक्त किया। उन्हें कैबिनेट का दर्जा दिया गया है। वह एसेक्स की विटहम सीट पर बड़े अंतर से दोबारा निर्वाचित हुई हैं। गुजराती माता पिता की संतान सुश्री पटेल के माता पिता 1960 के दशक मे युगांडा मे वहाँ के तत्कालीन तानाशाह ईदी अमीन के दमन चक्र से त्रस्त हो कर ईंग्लेंड मे आ गये थे।

- **हरियाणा ने पांचवीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता जीती**

  हरियाणा ने झारखण्ड को पराजित कर पांचवीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का ख़िताब जीता। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की कुल 32 टीमों ने भाग लिया।

- **आय से अधिक संपत्ति के मामले में जे. जयललिता बरी**

  आय से अधिक संपत्ति के मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता को उनकी सहेली शशिकला सहित तीन अन्य सहयोगी को बरी कर दिया। 68 करोड़ रुपए की आय से अधिक की संपत्ति अर्जित करने के 19 साल पुराने मामले में जयललिता पर कोई सरकारी पद लेने, छह साल तक चुनाव लड़ने की पाबंदी लग गई थी।

- **मैड्रिड मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता**

  ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मर्रे ने स्पेन के खिलाड़ी राफेल नडाल को पराजित कर मैड्रिड मास्टर्स टेनिस प्रतियोगिता 2015 का पुरुष एकल खिताब जीता। महिला एकल खिताब चेक गणराज्य की पेट्रा क्वेटोवा ने जीता। रोहन बोपन्ना और फ्लोरियन मर्जिया की जोड़ी ने पुरुष युगल खिताब जीता। वर्ष 1990 से इस टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। इस टूर्नामेंट का पूरा नाम Mutua Madrilena Madrid Open है।

- **अंगों की रचना करने वाले मास्टर प्रोटीन एफजीएफआर 1 की खोज**

  अमेरिकी विज्ञानियों ने अंगों की रचना में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मास्टर प्रोटीन 'एफजीएफआर1' की खोज की। एफजीएफआर1 जीन संरचना में शीर्ष पर होता है, जो बहुकोशीय

www.crackgpsc.com

जीव-जंतु के विकास को निर्देशित करता है। यह तंत्रिका तंत्र, मांसपेशी और हड्डियों के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाता है। इस से कैंसर के इलाज में मदद मिलेगी।

- **साइरेक जोसेफ एनएचआरसी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त**
  राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने न्यायाधीश साइरेक जोसेफ को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने 2007 से 2010 तक भारत के मुख्य न्यायधीश के रूप में सेवा दी। साइरेक जोसेफ दलित मूल के पहले व्यक्ति थे जो भारत के मुख्य न्यायधीश के पद पर नियुक्त हुए थे।

- **भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया**
  11 मई को भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। इसे पोखरण में किये गए परमाणु परीक्षण शक्ति की वर्षगांठ के अवसर पर मनाया जाता है। यह दिन विज्ञान के महत्व को बताते हुए छात्रों को विज्ञान को बतौर करियर विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करता है।

- **आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट रैंकिंग में भारत चौथे स्थान पर**
  अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) द्वारा जारी टेस्ट रैंकिंग में भारत चौथे स्थान पर रहा। इस सूची में प्रथम स्थान पर साउथ अफ्रीका है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में स्थित है।

- **गिर अभयारण्य में एशियाई शेरों की संख्या 523**
  शेर जनगणना रिपोर्ट- 2015 के अनुसार गिर अभयारण्य गुजरात और उसके आसपास के क्षेत्रों में एशियाई शेरों की संख्या 523 पाई गई। इससे पहले 2010 की जनगणना में शेरों की संख्या 411 थी। पिछली जनगणना की तुलना में 27% की वृद्धि दर्ज की गई। मादा शेरों की संख्या 201, नर शेरों की संख्या 109 और शावकों की संख्या 213 पाई गई। सबसे ज्यादा शेर जूनागढ जिले में (268) है। शेरों के निवास स्थल में पिछले पांच वर्षों में लगभग दोगुना वृधि हुई है और अब यह क्षेत्र 22,000 वर्ग किलोमीटर हो गया है। यह एशियाई शेरों की 14वीं जनगणना थी। शेर जनगणना प्रत्येक 5 वर्ष में गुजरात राज्य के वन विभाग द्वारा की कराई जाती है। विश्व में एशियाई शेर सिर्फ गिर अभयारण्य में पाए जाते हैं और प्रकृति संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) द्वारा इन्हें 'रेड लिस्ट' में शामिल किया गया है।

- **प्रो. प्रदीप कुमार जोशी संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य नियुक्त**
  केंद्र सरकार ने प्रो. प्रदीप कुमार जोशी को संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया। निवर्तमान में वे छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के चेयरमैन पद पर हैं। संविधान के अनुच्छेद 315-323 में एक संघीय लोक सेवा आयोग और राज्यों के लिए राज्य लोक सेवा आयोग के

www.crackgpsc.com

गठन का प्रावधान है। आयोग के सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होते हैं। श्रीमती रजनी राजदान UPSC की वर्तमान अध्यक्षा हैं।

- **जिसना मैथ्यू ने 400 मीटर दौड़ में बनाया नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड**
  भारत की जिसना मैथ्यू ने एशियाई यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाकर रजत पदक जीता। जिसना ने 53.84 सेकंड का समय लिया। बहरीन की सालवा ईद नासिर ने 53.02 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

- **ए.टी.पी. रैंकिंग में भारत की टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा शीर्ष पर**
  विश्व टेनिस महासंघ द्वारा जारी ए.टी.पी. रैंकिंग में भारत की टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा शीर्ष स्थान (महिला युगल) पर रहीं। भारत के रोहन बोपन्ना ने 21वां, लिएंडर पेस ने 24वें स्थान प्राप्त किया।

- **निकेश अरोड़ा जापान की कंपनी सॉफ्टबैंक कॉर्प के अध्यक्ष नियुक्त**
  भारतीय मूल के निकेश अरोड़ा जापान की बहुराष्ट्रीय दूरसंचार और इंटरनेट कंपनी सॉफ्टबैंक कॉर्प के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। इससे पहले निकेश अरोड़ा 10 वर्षों तक गूगल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य बिजनेस अधिकारी के रुप में कार्यरत थे। 2014 में वह सॉफ्टबैंक कॉर्प में शामिल हुए।

- **वनिथा नारायणन AMCHAM इंडिया की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त**
  वनिथा नारायणन अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया (एएमसीएचएएम) की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त। वनिथा नारायणन आईबीएम इंडिया की प्रबंध निदेशक हैं। और उन्होंने मार्केटिंग तथा सूचना प्रणाली में एमबीए किया है। एएमसीएचएएम इन इंडिया अमेरिकी व्यापार संगठनों का भारतीय संघ है। यह भारत में अमेरिकी व्यापारिक मुद्दों से संबंधित कार्यप्रणालियो तथा अमेरिकी व्यापारिक संगठनों के हितों की देखरेख करता है।

- **अरुण पुडूर 40 वर्ष से कम उम्र के सबसे धनी एशियाई उद्यमी**
  वेल्थ-एक्स की एशिया के 40 वर्ष से कम उम्र के अरबपति उद्यमियों की सूची में सॉफ्टवेयर कंपनी सेल्फ्रेम के मालिक अरुण पुडूर शीर्ष स्थान पर। 37 वर्षीय पुडूर चेन्नई के निवासी हैं। उनकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के बाद वर्ड प्रोसेसर बनाने वाली दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। वेल्थ-एक्स की लिस्ट में सबसे युवा उद्यमी 32 वर्षीय लियो चेन हैं जो सूची में दुसरे स्थान पर हैं। वे चीन की सबसे बड़ी कॉस्मेटिक रिटेल कंपनी जुमेई इंटरनेशनल होल्डिंग के अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

- **केवी कामत ब्रिक्स के नव विकास बैंक के पहले अध्यक्ष नियुक्त**
  निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन केवी कामत को 'ब्रिक्स' देशों

द्वारा स्थापित 100 अरब डालर के एनडीबी (New Development Bank, ब्रिक्स बैंक) का प्रथम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। एनडीबी में हर सदस्य का योगदान 10 अरब डालर है। एनडीबी के अध्यक्ष का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। इसका मुख्यालय चीन के शंघाई शहर में अवस्थित होगा। इस बैंक की स्थापना ब्रिक्स समूह के देशों ने की। ब्रिक्स (BRICS) में पांच उभरते विकासशील देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। समझौते के तहत भारत को इस बैंक का पहला अध्यक्ष नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त था। भारत पहले छह वर्षों तक इस बैंक की अध्यक्षता करेगा। इसके बाद ब्राजील और रूस पांच-पांच वर्षों की अवधि तक इसकी अध्यक्षता करेंगें। ब्रिक्स देश वैश्विक आबादी के 40% का प्रतिनिधित्व करते हैं।

- **फोर्ब्स की 2000 प्रभावशाली कंपनियों की सूची में भारत की 56 कंपनियां**

  फोर्ब्स ने विश्व में 2000 सबसे अधिक प्रभावशाली कम्पनियों की सूची जारी की। इस में भारत की 56 कंपनियों को स्थान प्राप्त हुआ है। सूची में मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज 56 भारतीय कंपनियों में से पहले नंबर पर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज 135वें स्थान पर है। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक 155वें स्थान पर है। चीन की तीन कंपनियों ने इस सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। चीन का सरकारी बैंक आईसीबीसी (इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना) लगातार दूसरे वर्ष भी पहले स्थान पर है।

- **ली एलन जॉन्सन भारतीय अंडर-19 फुटबाल टीम के मुख्य कोच नियुक्त**

  अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने ब्रिटेन के ली एलन जॉन्सन को भारतीय अंडर-19 फुटबाल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। जॉन्सन अंडर 19 टीम के प्रबंधक के अलावा सीनियर फुटबाल टीम के सह कोच तथा हेड स्काउट की भूमिका भी निभायेंगे।

- **पहली एशियाई युवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत पांचवें स्थान**

  भारत पहली एशियाई युवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता (2015) में 2 स्वर्ण, 6 रजत और 6 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीतकर पांचवें स्थान पर रहा। एशियाई युवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2015 का आयोजन कतर के दोहा में किया गया। इस में में चीन ने कुल 32 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया।

- **लेखक नील मुखर्जी वर्ष 2015 के एनकोर पुरस्कार से सम्मानित**

  लेखक नील मुखर्जी को उनके उपन्यास 'द लाइव्स ऑफ़ अदर्स' के लिए ब्रिटेन के एनकोर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उपन्यास में 1960 के दशक में कोलकाता में रहने वाले एक परिवार का उल्लेख किया गया है। उपन्यास में समाज के राजनीतिक और सामाजिक आक्षेप को दर्शाया गया है। इसके साथ ही इस उपन्यास में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भुखमरी, भारत की स्वतंत्रता और नक्सलवादी आंदोलन का भी उल्लेख किया गया है।

www.crackgpsc.com

- **तेलंगाना सरकार ने गूगल के साथ समझौता किया**

तेलंगाना सरकार ने गूगल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत गूगल हैदराबाद में अपने एक परिसर का निर्माण करेगी। इसके अतिरिक्त गूगल ने अपनी स्ट्रीट व्यू परियोजना में भी हैदराबाद को शामिल करने का निर्णय लिया है। गूगल की स्ट्रीट व्यू परियोजना गूगल मैप का ही अंग है। निर्माण के समापन के बाद यह गूगल का विश्व में दूसरा और एशिया का पहला सबसे बड़ा परिसर होगा। परिसर का क्षेत्रफल 20 लाख वर्ग किलोमीटर होगा।

- **हरभजन कौर धीर ब्रिटेन में महापौर निर्वाचित होने वाली पहली एशियाई महिला**

भारतीय मूल की हरभजन कौर धीर ब्रिटेन में महापौर के रूप में निर्वाचित होने वाली पहली एशियाई महिला बनीं। हरभजन कौर कई स्कूलों में बतौर गवर्नर भी कार्य कर चुकी हैं। इसके अलावा कौर मानसिक रूप से अशक्त बच्चों और वयस्कों के अधिकारों के लिए भी कार्य करती हैं। उन्होंने स्वयंसेवी के तौर पर देश में कई समाज सुधार के कार्य किए।

- **राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने चार राज्यों हेतु राज्यपालों को नियुक्त किया**

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने चार राज्यों हेतु राज्यपालों को नियुक्त किया और दो राज्यपालों का स्थानांतरण किया। तथागत राय त्रिपुरा के, द्रौपदी मुर्मु झारखंड के, वी षणमुगनाथन मेघालय के एवं जेपी राजखोआ अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त। अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) निर्भय शर्मा का स्थानांतरण कर मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया। झारखंड के राज्यपाल सैयद अहमद को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया।

**राज्यपाल की नियुक्ति**

राज्यपाल की नियुक्ति भारतीय संविधान के 'अनुच्छेद 155' के तहत पांच वर्ष के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। राज्यपाल अपने संबंधित राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख होता है, जो मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार कार्य करता है। राज्यपाल, राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है। किसी व्यक्ति को राज्यपाल के रूप में चुने जाने हेतु आवश्यक शर्तें है :- (1) वह भारत का नागरिक हो। वह 35 वर्ष की उम्र पूरी कर चूका हो। (2) किसी प्रकार के लाभ के पद पर न हो। (3) वह राज्य विधान सभा सदस्य चुने जाने के योग्य हो।

Must Visit




www.crackgpsc.com

- **उत्तर प्रदेश सरकार ने समाजवादी जल एटीएम सेवा का शुभारम्भ किया**

  बस यात्रियों को उचित मूल्य पर पीने योग्य जल उपलब्ध करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने बस स्टेशनों पर 'समाजवादी जल एटीएम सेवा' का शुभारम्भ किया। इस सेवा के अंतर्गत राज्य के अधिकतर बस स्टेशनों पर जल एटीएम स्थापित किए जाएंगे जिसके द्वारा 1 रुपए प्रति लीटर की कीमत पर सादा जल और 2 रुपए पर प्रति लीटर पर ठन्डे जल की सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

- **इंडियन ऑयल और एनटीपीसी में विनिवेश को मंजूरी**

  केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इंडियन ऑयल कारपोरेशन (आईओसी) और राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) में विनिवेश को मंजूरी दी। एनटीपीसी में 5% और आईओसी में 10% हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार की ओर से चालू वित्त वर्ष 2015-16 में विनिवेश का यह पहला फैसला है। इस से सरकार को करीब 14,000 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। सरकार की एनटीपीसी में 74.96% और एनटीपीसी में 68.57% हिस्सेदारी है। सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए करीब 70,000 करोड़ रुपए का विनिवेश लक्ष्य तय किया है।

- **मारुति सुजुकी 1.5 करोड़ कारें बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी**

  भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी 1.5 करोड़ कार बनाने वाली देश की पहली कंपनी बन गई। विदित हो कि मारुति सुजुकी की पहली कार गुड़गांव प्लांट में 1983 में बनी थी। वह मारुति-800 मॉडल थी। मारुति सुजुकी का 1.5 करोड़ कार बनाने का सफर 31 साल और पांच महीने का रहा।

- **किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने वाला पहला राज्य बना पंजाब**

  केंद्र सरकार की मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत पंजाब मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य के हर जिले में मोबाइल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। वर्तमान में पंजाब सरकार ने ऐसी 66 प्रयोगशालाओं को स्थापित किया है जिसकी क्षमता एक वर्ष में 3.5 लाख नमूने का परीक्षण करने की है।

✓ **मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ कस्बे में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य पोषक तत्वों और उर्वरकों के उचित उपयोग से उत्पादकता में सुधार लाकर किसानों की मदद करना है। योजना के तहत तीन साल में 14 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2014-15 में करीब 3 करोड़ किसानों को इस परियोजना के तहत कवर किया जाएगा।

www.crackgpsc.com

- **काला धन से संबंधित विधेयक संसद में पारित**

  काला धन से संबंधित विधेयक 2015 लोकसभा और राज्यसभा में पारित। इस के तहत कालाधन रखने वालों के लिए स्कीम लाई जाएगी। अवधि समाप्ति के बाद उसे 30% टैक्स के अलावा 90% जुर्माना देना होगा। साथ ही दस वर्ष तक की जेल भी काटनी पड़ सकती है। इसके साथ ही दोषी की भारत स्थित परिसंपत्तियां जब्ती का अधिकार भी जांच एजेंसियों को मिल जाएगा। विदेशों में जमा धन पर रिटर्न जमा नहीं करने वालों को दस लाख रुपये तक का जुर्माने का प्रावधान भी इसमें शामिल है।

- **मानव पूंजी सूचकांक में भारत 100वें स्थान पर: विश्व आर्थिक मंच**

  विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी वैश्विक 'मानव पूंजी सूचकांक' में भारत का 100वां स्थान रहा। 124 देशों की इस सूची में फिनलैंड सबसे शीर्ष पर है। इस में मानव पूंजी के विकास और इसके उपयोग का आकलन किया जाता है। इसका लक्ष्य यह समझना है कि देश अपनी मानव क्षमता का बेहतर इस्तेमाल कर रहा है या उसे बेकार कर रहा है।

- **मंत्रिमंडल ने 'नमामि गंगे' कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की**

  मंत्रिमंडल की बैठक में 'नमामि गंगे' कार्यक्रम को मंजूरी दी गई। 'नमामि गंगे' कार्यक्रम के अंतर्गत समन्वित प्रयासों से गंगा नदी को व्यापक ढंग से स्वच्छ और संरक्षित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए 20000 करोड रुपए का बजट आवंटित किया गया। भारत सरकार 1985 से चल रहे इस काम के लिए कुल 4000 करोड़ खर्च कर चुकी है। विदित हो कि वर्ष 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 462 करोड़ रुपए की लागत वाले 'गंगा एक्शन प्लान' को मंजूरी दी थी, जिसका मुख्य उद्देश्य नदी का प्रदूषण रोकना और इसके पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाना था। गंगा देश की सबसे प्रदूषित नदी है, जिसका प्रदूषण स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'सुरक्षित' बताए गए प्रदूषण के स्तर से 3000 गुना अधिक है।

- **केंद्र सरकार द्वारा वाराणसी में 'उस्ताद' योजना का शुभारम्भ**

  केंद्रीय सरकार द्वारा वाराणसी में 'उस्ताद' (अपग्रेडिंग द स्किल्स एंड ट्रेनिंग इन ट्रेडिशनल आर्ट्स-क्राफ्ट्स फॉर डेवलपमेंट, USTAD) योजना का शुभारंभ। यह योजना प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। 'उस्ताद' योजना के तहत शिल्पकारों और बुनकरों को प्रशिक्षण और कौशल विकास के साथ-साथ उनके उत्पादों की बिक्री में भी मदद की जायेगी।

- **यूसी वेब ब्राउजर ने युवराज सिंह को अपना ब्रांड एंबेसेडर बनाया**

  आईपीएल आठ के सबसे महंगे खिलाड़ी और धुरंधर ऑलराउंडर युवराज सिंह को यूसी वेब ब्राउजर ने अपना ब्रांड एंबेसेडर घोषित किया। युवराज सिंह और यूसी ब्राउसर ने संयुक्त रूप से क्रिकेट प्रशंसकों के लिये यूसी ब्राउसर का एक विशेष संस्करण- 'यूसी ब्राउसर युवी संस्करण' जारी किया।



www.crackgpsc.com

- **ओपाह नामक विश्व की पहली गर्म खून वाली मछली खोजी गई**

  अमेरिकन वैज्ञानिकों ने ओपाह या मूनफिश नामक विश्व की पहली गर्म खून वाली मछली खोजी। इस का वजन 90 किलो तक होता है। खून का तापमान अधिक होने के कारण यह मछली सुमद्र की उस गहराई में भी जीवित रहती है और शिकार करती है जहाँ अन्य मछलियां जीवित नहीं रह सकती।

- **एसबीआई ने संपर्करहित कार्ड एसबीआईएन टच का शुभारंभ किया**

  भारतीय स्टेट बैंक ने एसबीआईएन टच नामक संपर्करहित क्रेडिट और डेबिट कार्ड का शुभारंभ किया। इन कार्डों में नीयर फील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) तकनीक का प्रयोग किया गया है। जिसके मध्यम से ग्राहक मशीन के रीडर के सामने सिर्फ कार्ड दिखा कर ही भुक्तान कर सकता है। यह कार्ड पहले की तुलना में ज्यादा सुरक्षित है और इनका प्रयोग भी आसान है। इस कार्ड के अंतर्गत 1 लाख रुपए के धोखाधड़ी दायित्व को भी कवर किया गया है। निजी बैंकों में आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक पहले ही इस तरह के एनएफसी कार्ड जारी कर चुके हैं।

- **एमजे जोसेफ बने लेखा महानियंत्रक**

  आईएएस अधिकारी एमजे जोसेफ को वित्त मंत्रालय में लेखा महानियंत्रक (सीजीए) नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पहले जोसेफ ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) के डायरेक्टर जनरल थे। जोसेफ जवाहर ठाकुर की जगह लेंगे।

- **तेजस्विनी ने अंडर 15 वर्ल्ड स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता**

  भारत की तेजस्विनी सागर ने श्रीलंका की कविन्या मियूनी राजपक्षे को पराजित कर वर्ल्ड स्कूल शतरंज चैंपियनशिप के अंडर 15 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। यह तेजस्विनी का पहला प्रयास था।

- **गगन नारंग ने ISSF विश्व कप की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता**

  भारत के निशानेबाज गगन नारंग ने अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की 50 मीटर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में अमेरिका के माइकल मैकफैल ने 208.8 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

- **अनुराधा प्रसाद 'पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार' से सम्मानित**

  बीएजी फिल्म्स एंड मीडिया लिमिटेड की सीएमडी अनुराधा प्रसाद को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार' से सम्मानित किया। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष लेखन, समाजसेवा, राष्ट्रहित से जुड़े कार्यो व रचनात्मक पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाता है।

- **परमाणु ऊर्जा पर 6वां राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न**

परमाणु ऊर्जा पर 6वां राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इसका आयोजन एसोचैम (The Associated Chambers of Commerce and Industry of India, ASSOCHAM) ने किया। परमाणु ऊर्जा पर 6वें राष्ट्रीय सम्मेलन की विषयवस्तु 'परमाणु ऊर्जाः स्वच्छ ऊर्जा विकल्प' रखा गया।

- **पश्चिम बंगाल के राजारहट में कोल इंडिया लिमिटेड के नए मुख्यालय का उद्घाटन**
  पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने राजारहट में कोल इंडिया लिमिटेड के नए मुख्यालय का शुभारंभ किया। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) एक महारत्न कंपनी है, यह विश्व की सर्वाधिक कोयला उत्पादक कंपनी है। भारत में कोयला उत्पादन में इसका योगदान 81% के करीब है।

- **सेना के पूर्व ब्रिगेडियर डेविड ग्रैन्जर गुयाना के नए राष्ट्रपति**
  सेना के पूर्व ब्रिगेडियर डेविड ग्रैन्जर ने गुयाना के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रीय चुनावों में एपीएनयू-एएफसी गठबंधन ने सत्तारूढ़ पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी (पीपीपी) को हराया। इसके साथ गुयाना में पीपल्स प्रोग्रेसिव पार्टी का 23 वर्ष पुराना शासन खत्म हो गया।

- **मिस्र के अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी को मृत्युदंड**
  मिस्र की काहिरा अदालत ने मिस्र के अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी को मौत की सजा सुनाई। यह सजा 2011 में विद्रोह के दौरान बड़े पैमाने पर देश में जेल तोड़ने की घटना के आरोप में सुनाई गई है। परन्तु मिस्र के कानून के मुताबिक मौत की सजा जैसे मामले पर अंतिम निर्णय लेने के लिए इस फैसले को मिस्र के शीर्ष धार्मिक नेता मुफ्ती के पास भेजा जाएगा। इससे पहले अपने कार्यकाल के दौरान प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी और यातना देने के आरोप में मुर्सी को 20 वर्ष की जेल की सजा सुनाई गई थी। विदित हो कि मुस्लिम ब्रदरहुड के नेता मोहम्मद मुर्सी मिस्र के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति थे। अपनी विभाजनकारी नीतियों के कारण मिस्र की जनता ने मुर्सी को हटाने के लिए बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप जुलाई 2013 में इन्हें सेना द्वारा अपदस्थ कर दिया गया।

- **भारत 68वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्यूएचए) का अध्यक्ष निर्वाचित**
  भारत, विश्व स्वास्थ्य संगठन की 68वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्यूएचए) का अध्यक्ष निर्वाचित हुआ। इसके तहत भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा की 68वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भारत 19 वर्ष बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन की सर्वोच्च निर्णायक संस्था 'डब्यूएचए' का अध्यक्ष चुना गया। वर्ष 1996 में भी भारत 'डब्यूएचए' का अध्यक्ष बना था।

- **वर्ष 1990 से 2013 के मध्य शिशु मृत्यु दर में 50% कमी**

www.crackgpsc.com

यूनिसेफ द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक शिशु मृत्यु दर में लगभग 50% की कमी आई है। विश्व की कुल शिशु मृत्यु दर का 50% दक्षिण एशिया तथा अफ्रीका के पांच देशों में दर्ज किया गया जिनमें भारत (21%), नाइजीरिया (13%), पाकिस्तान (6%) कांगो (5%) तथा चीन (4%) शामिल हैं। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु की वजह न्युमोनिया, डायरिया तथा मलेरिया जैसी बीमारियां हैं। सबसे अधिक मृत्यु (44%) नवजात काल में दर्ज की गई।

- ✓ **भारत में शिशु मृत्यु दर** : भारत में प्रत्येक वर्ष 1.83 मिलियन नवजात शिशु मृत्यु को प्राप्त होते हैं, यह संख्या विश्व में सबसे अधिक है। यह दर प्रति 1000 पर मध्य प्रदेश में 92 जबकि केरल में 14 है।

## ➢ 3rd week

- **नोवाक जोकोविच ने अपना चौथा रोम मास्टर्स टेनिस खिताब जीता**
  सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर को हराकर अपना चौथा रोम मास्टर्स टेनिस खिताब जीता। रूस की मारिया शारापोवा ने स्पेन की कार्ला सुआरेज़ नवारो को हराकर महिला एकल का खिताब जीता।

- **धर्म गुरू पोप फ्रांसिस ने दिया फ़लस्तीनी ननों को संत का दर्जा**
  कैथोलिक ईसाईयों के सबसे बड़े धर्म गुरू पोप फ्रांसिस ने 19वीं सदी की दो फ़लस्तीनी ननों (मेरी अलफ़ोनसीन घट्टास और मरियम बवारडी) को संत घोषित किया। ये पहली बार है जब अरबी मूल के किसी ईसाई के संत होने का एलान किया गया।

- **आयुष विभाग के विकास के लिए 5000 करोड़ रुपये आवंटित**
  केंद्र सरकार ने आयुष विभाग (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) के विकास के लिए 5000 करोड रुपये आवंटित किए। इस मिशन का लक्ष्य आयुर्वेद के क्षेत्र में क्षमता निर्माण करना है।




www.crackgpsc.com

- **इथियोपिया के धावक बने टीसीएस वर्ल्ड 10000 मीटर दौड़ के विजेता**

  बेंगलुरू में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा आयोजित आठवीं 10 हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों ही वर्गों में इथियोपिया के धावक विजेता रहे। पुरुष वर्ग में इथियोपिया के मोसीनेट जेरेम्यू, महिला वर्ग में इथियोपिया की मामितु दास्का विजेता रहीं।

- **विकास गौड़ा ने शंघाई आइएएएफ डायमंड लीग में कांस्य पदक जीता**

  भारत के चक्का फेंक खिलाड़ी विकास गौड़ा ने इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ़ एथलेटिक्स फेडरेशन की डायमंड लीग सीरीज के दूसरे चरण में कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता में पोलैंड के रॉबर्ट उर्बनेक ने स्वर्ण पदक जीता।

- **भारत और मंगोलिया के बीच 14 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर**

  भारत और मंगोलिया के बीच नई सामरिक साझेदारी, साइबर सुरक्षा, कृषि, पशुपालन, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य क्षेत्र और सजायाफ्ता कैदियों के आदान-प्रदान समेत 14 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर। मंगोलिया की राजधानी उलान बटोर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंगोलिया के प्रधानमंत्री चिमेद सैखान बिलेग के बीच हुई वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत ने मंगोलिया को एक अरब डॉलर (63 अरब रुपये) का ऋण देने की भी घोषणा की।

- **नरेंद्र मोदी मंगोलिया जाने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री बने**

  नरेंद्र मोदी मंगोलिया जाने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। नरेंद्र मोदी मंगोलिया की संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी मंगोलिया की संसद को संबोधित करने वाले पहले विदेशी नेता भी बने।

- **प्रधानमंत्री ने मंगोलिया के राष्ट्रपति को जमीउत तवारीख की प्रतिकृति उपहार दी**

  मंगोलिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगोलिया के राष्ट्रपति सखियागिन एल्बेगदोर्ज को मंगोलो के इतिहास पर रामपुर रजा पुस्तकालय, रामपुर की 13वीं सदी की एक दुर्लभ पांडुलिपि की विशेष रूप से पुनर्निर्मित प्रतिकृति उपहार स्वरूप दी। जमीउत तवारीख नामक यह कृति इलखेनेट राजा गाजन खान **(1295-1304)** द्वारा शुरू की गई सबसे भव्य परियोजनाओं में से एक थी। प्रधानमंत्री सैखानबिलेग ने मोदी को मंगोलियाई घोड़ा कंठका भेंट किया। नरेंद्र मोदी ने मंगोलिया का पारंपरिक लोकप्रिय संगीत वाद्य यंत्र 'मोरिन खुर' बजाया। मंगोलिया के राष्ट्रपति सखियागिन एल्बेगदोर्ज ने मोदी को यह सारंगी भेंट में दी थी।

✓ **मंगोलिया**

मंगोलिया भारत की 'पूरब की ओर देखो' (लुक ईस्ट पॉलिसी) नीति का अभिन्न हिस्सा है। वर्ष 1206 में चंगेज खान द्वारा मंगोल साम्राज्य की स्थापना की गई थी, लेकिन युआन

www.crackgpsc.com

राजवंश के पतन के बाद मंगोल अपने पुराने रहन-सहन पर लौट आए। 16 वीं और 17 वीं शताब्दी में मंगोलिया तिब्बती बौद्ध धर्म के प्रभाव में आया। 17वीं सदी के अंत में मंगोलिया के अधिकांश क्षेत्र में क्विंग राजवंश का शासन हो गया। 1911 में स्वतंत्र राष्ट्र बना।

- **इराक के रमादी शहर पर चरमपंथी संगठन आईएस का कब्जा**
  इराक के रमादी शहर पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चरमपंथीयो ने कब्जा कर लिया। रमादी, अलअनबर प्रांत की राजधानी है। सुन्नी आतंकियों के गढ़ माने जाने वाले इस शहर में पिछले कई महीनों से अमेरिकी नेतृत्व वाली गठबंधन सेना और आतंकियों के बीच संघर्ष चल रहा है।

- **कुलदीप मलिक भारतीय कुश्ती टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच नियुक्त**
  भारतीय कुश्ती महासंघ ने कुलदीप मलिक को भारतीय कुश्ती टीम का मुख्य (डब्ल्यूएफआई) राष्ट्रीय कोच नियुक्त किया। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता मलिक अभी तक महिला फ्रीस्टाइल के मुख्य कोच थे। इसके अलावा पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कृष्णा आर्य को महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया।

- **भारत एवं दक्षिण कोरिया के बीच 7 समझौते पर हस्ताक्षर**
  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान भारत एवं दक्षिण कोरिया के बीच 7 समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इस में दोहरे कराधान बचाव संधि और दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषदों के बीच सहयोग, ऑडियो-विजुअल को-प्रोडक्शन में सहयोग, इलेक्ट्रिक बिजली विकास तथा नये उर्जा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग के क्षेत्र में सहयोग, समुद्री परिवहन एवं लाजिस्टिक्स के क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं।

- **चीन में आईसीआईसीआई बैंक की पहली शाखा का उद्घाटन किया गया**
  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के प्रमुख वित्तीय केंद्र शंघाई में आईसीआईसीआई बैंक की पहली शाखा का उद्घाटन किया। वर्तमान में आईसीआईसीआई बैंक भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है और विश्व के 17 देशों में अपनी शाखाओं का संचालन कर रहा है।

- **बार्सिलोना ने 23वीं बार स्पेनिश फुटबॉल लीग 'ला लीगा' का खिताब जीता**
  बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को हराकर 23वीं बार स्पेनिश फुटबॉल चैंपियनशिप ला-लीगा का खिताब जीत लिया। 'ला लीगा' एक स्पेनिश फुटबॉल लीग है। इसकी शुरुआत वर्ष 1929 में हुई थी। यह ख़िताब सब से ज्यादा बार रीयल_मैड्रिड ने (33 जीत) जीता है।

- **हरकीरत सिहं सैनी अमेरिका के पुलिस अवार्ड से सम्मानित**
  भारतीय-अमेरिकी पुलिसकर्मी हरकीरत सिंह सैनी को अमेरिका के पुलिस अवार्ड 'टॉप सिविलियन सुपरवाइजर ऑफ़ द इयर' से सम्मानित किया गया। उनको यह पुरस्कार संयुक्त

राज्य अमेरिका के टेक्सास राज्य के ह्यूस्टन पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवा के लिए दिया गया।

- **रिलायंस जियो का 4जी उपकरणों के लिए हुआवी के साथ समझौता**

  रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने 4जी उपकरणों की आपूर्ति के लिए चीनी कंपनी हुआवी से समझौता किया। समझौते के अनुसार हुआवी रिलायंस जियो को स्मार्टफोन, टेबलेट और माई-फाई डोंगल की आपूर्ति करेगा।

- **42 वर्ष तक कोमा में रहीं नर्स अरुणा शानबाग की मृत्यु**

  मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल (केईएम) अस्पताल में 42 वर्ष तक कोमा में रहीं नर्स अरुणा शानबाग की मृत्यु। मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल (केईएम) अस्पताल में कार्यरत नर्स अरुणा शानबाग के साथ उनके पुरुष सहयोगी ने 1973 में यौन हिंसा एवं बलात्कार किया था। तब से वे केईएम अस्पताल में कोमा में थी। लेखिका पिंकी विरानी ने अरुणा की इस दास्तान पर किताब लिखी। अरुणा की तकलीफ को देखते हुए पिंकी विरानी ने उनके लिए सुप्रीम कोर्ट में इच्छा मृत्यु की मांग की लेकिन, कोर्ट ने उसे अस्वीकार कर दिया था।

- **30 नए कोल्ड स्टोरेज खोलने के लिए मंज़ूरी प्रदान**

  खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने देश में 30 नए कोल्ड स्टोरेज खोलने के लिए मंज़ूरी प्रदान की। सरकार द्वारा अब तक देश में कुल 138 नए कोल्ड स्टोरेज आरंभ करने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है जिनमें 44 ने कार्य करना आरंभ कर दिया है।

- **ओरियंटल इंश्योरेंस बनी युवा मामले और खेल मंत्रालय की बीमा भागीदार**

  युवा मामले और खेल मंत्रालय ने ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लि. को अपनी टॉरगेट ओलंपिक पोडियम (टीओपी) योजना के तहत अपना बीमा भागीदार नामित किया। बीमा भागीदार नामित करने के इस कदम को खेल विभाग ने पहली बार प्रारंभ किया है।

- **अहलूवालिया भूमि अधिग्रहण संशोधन विधेयक पर गठित JPC के अध्यक्ष**

  भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया को भूमि अधिग्रहण संशोधन विधेयक 2015 पर गठित की गई संयुक्त संसदीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस संयुक्त समिति में 30 सदस्य होंगे जिनमे से 20 सदस्य लोकसभा और 10 सदस्य राज्यसभा से होंगे। सरकार ने यह कदम इस भूमि विधेयक पर विपक्षी दलों के लगातार प्रतिरोध के चलते उठाया है।

करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ
www.crackgpsc.com

- **इंफोसिस ने की 2018 तक कार्बन न्यूट्रल बनने की घोषणा**

  भारत की आईटी कंपनी इन्फोसिस ने 2018 तक कार्बन न्यूट्रल बनने की घोषणा की। इस कार्य के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत अनुमानित है। इन्फोसिस पहले ही भारत में अपने सभी परिसरों की छतों पर 2.7 मेगावाट क्षमता वाले सौर पैनलों का प्रयोग कर रही है।

- **ट्विटर और इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने साझीदारी की घोषणा की**

  सोशल नेटवर्किंग साईट ट्विटर और इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने साझीदारी की घोषणा की। इसके तहत गूगल और ट्विटर ने खोज के नतीजों में ट्वीट्स दिखाने के लिए साझीदारी की। इससे पहले दोनों कंपनियों के बीच इस संबंध में साझीदारी थी, जो वर्ष 2011 में समाप्त हो गई थी।

- **द्रौपदी मुर्मू बनीं देश की पहली आदिवासी महिला राज्यपाल**

  ओड़िशा की आदिवासी राजनीतिज्ञ द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के नौवें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। वह देश की पहली आदिवासी महिला राज्यपाल हैं। उन्होंने डॉ. सैयद अहमद का स्थान लिया जिन्हें मणिपुर का राज्यपाल बनाकर वहां स्थानांतरित किया गया है।

- **भारतीय वायु सेना का विमान 'सुखोई-30' दुर्घटनाग्रस्त**

  भारतीय वायु सेना का 'सुखोई-30' (एसयू-30 एमकेआई) लड़ाकू विमान असम के लाओखोवा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह बहु उपयोगी लड़ाकू विमान रूस के सैन्य विमान निर्माता तथा भारत के 'हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड' के सहयोग से बना है।

- **टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी भारत के नंबर एक खिलाड़ी बनें**

  विश्व टेनिस संगठन (डब्ल्यूटीए) द्वारा जारी रैंकिंग के अनुसार भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी भारत के नंबर एक पुरुष सिंगल्स खिलाडी बने। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में सानिया मिर्जा और स्विट्जरलैंड की उनकी जोड़ीदार मार्टिना हिंगिस दुनिया की नंबर एक महिला डबल्स जोड़ी हैं। व्यक्तिगत रैंकिंग में सानिया शीर्ष पर हैं जबकि हिंगिस दूसरे स्थान पर हैं।

- **इंग्लैंड टेस्ट टीम के उपकप्तान जो रूट इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर घोषित**

  इंग्लैंड टेस्ट टीम के उपकप्तान जो रूट को ब्रिटिश खेल पत्रकारों द्वारा वर्ष 2014-15 के लिये इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। चार्लोट एडवर्ड्स को लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया।

- **पनडुब्बी नाशक युद्धपोत आईएनएस कावारती का जलावतरण किया गया**

  भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी नाशक युद्धपोत आईएनएस कावारती को अपने बेड़े में शामिल कर लिया। इस युद्धपोत का वज़न 3,300 टन है तथा इसकी लम्बाई 109.1 मीटर है। यह पोत

25 नॉट्स से अधिक की गति हासिल कर सकता है तथा इसकी क्षमता 3,400 नॉटिकल मील से अधिक है।

- **लैस्कालो करास्जनाहोरकाई मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार 2015 से सम्मानित**
  हंगरी के लेखक लैस्कालो करास्जनाहोरकाई को वर्ष 2015 के मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। करास्जनाहोरकाई को उनकी प्रमुख कृति 'द मेलनकली ऑफ रेसिस्टेंस', 'सियोबो देयर बिलो' और 'सतनतैंगो' के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया। यह पुरस्कार सतत सृजन, विकास और वैश्विक स्तर पर इंग्लिश फिक्शन में उल्लेखनीय योगदान हेतु किसी लेखक को प्रदान किया जाता है।

✓ **मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार**

मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रत्येक वर्ष किसी एक कथा (Fiction) हेतु दिए जाने वाले मैन बुकर पुरस्कार से अलग है। मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार साहित्यिक उत्कृष्टता के लिए किसी लेखक को दिया जाता है। मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार (Man Booker International Prize) दो वर्ष के अंतराल के बाद दिया जाने वाला पुरस्कार है। इसकी शुरुआत 2005 में हुई थी। अंग्रेजी या अंग्रेजी अनुवाद में व्यापक रूप से उपलब्ध किसी कृति के रचनाकार को यह पुरस्कार के लिए चुना जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक दूसरे वर्ष किसी एक ऐसे लेखक को दिया जाता है जिसका प्रकाशित गल्प मूल रूप से अंग्रेजी भाषा में हो अथवा उसके काम का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया हो। इस पुरस्कार के तहत 60 हजार पाउण्ड की राशि प्रदान की जाती है। यह पुरस्कार ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जिसने विश्व स्तर पर उपन्यास के क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त की हों।

- **2015-16 में भारत का आर्थिक विकास दर चीन से अधिक रहने का अनुमान**
  संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी रिपोर्ट की में कहा गया है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2015-2016 में भारत की आर्थिक विकास दर (जीडीपी) चीन से आगे निकल जाएगी। भारत की जीडीपी इस वर्ष 7.6% तथा 2016 में 7.7% रहने की संभावना है। चीन में 2015 की आर्थिक विकास दर 7% जबकि वर्ष 2016 में 6.8% रहेगी।

Useful For....
UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams
www.crackgpsc.com

- **पियाजियो प्राइवेट लिमिटेड का स्नैपडील के साथ समझौता**

  वाहन बनाने वाली कंपनी पियाजियो प्राइवेट लिमिटेड ने ई-कॉमर्स कम्पनी स्नैपडील के साथ समझौता किया जिसके तहत वह भारत में वेस्पा स्कूटर की बिक्री ऑनलाइन आरंभ करेगी। यूरोप में सबसे ज्यादा बिकने वाला दोपहिया स्कूटर ब्रांड वेस्पा है। इस समझौते के बाद यह पहला मौका होगा जब भारतीय बाजार में कोई दोपहिया वाहन ऑनलाइन उपलब्ध होगा।

- **अर्थशास्त्री मृणाल दत्ता चौधरी का निधन**

  अर्थशास्त्री, नीति सलाहकार और शिक्षाविद् मृणाल दत्ता चौधरी का निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक के रूप में अपनी सेवा दी इसके अतिरिक्त हार्वर्ड और मिनेसोटा विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के एक प्रवक्ता के रूप में भी कार्य किया। वह अपने करीबियों में 'एमडीसी' नाम से लोकप्रिय थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कई योजनाओं के निर्माण में मृणाल द्वारा लिखी गईं पत्रिकाओं का सहारा लिया। उन्होंने कई समितियों और केन्द्र सरकार की सलाहकार निकायों में भी अपनी सेवा दी है। 1991 की आर्थिक नीति में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

- **भारत-दक्षिण अफ्रीका संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग (जेएमसी) की 9वीं बैठक संपन्न**

  भारत-दक्षिण अफ्रीका संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग (जेएमसी) की 9वीं बैठक दक्षिण-अफ्रीका के डरबन में संपन्न हुई। इसकी सह अध्यक्षता दक्षिण अफ्रीका की विदेश मंत्री मैती नकोआना मशाबने और भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज द्वारा की गई।

- **इसरो द्वारा अक्टूबर 2015 में एस्ट्रोसेट का शुभारम्भ करने की घोषणा**

  भारतीय आंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की कि अक्टूबर 2015 में आंध्रप्रदेश के सतीशधवन आंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र श्रीहरिकोटा से पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) सी-34 द्वारा एस्ट्रोसेट का शुभारम्भ किया जाएगा।

  **एस्ट्रोसेट के कार्य**

  एस्ट्रोसेट पहला भारतीय अंतरिक्ष वेधशाला मिशन है, जिसका उद्देश्य दूर के आकाशीय पिंडों का अध्ययन करना है। यह मिशन एक ही समय में अल्टावायलेट (यूवी), ऑप्टिकल, लो एंड हाई एनर्जी एक्स रे वेब बैंड में निरिक्षण करने में सक्षम है। सेटेलाइट को पृथ्वी की समान कक्षा में 650 किलोमीटर के करीब छोड़ा जाएगा। एस्ट्रोसेट अपने साथ चार एक्सरे पेलोड, एक यूवी टेलीस्कोप और एक पार्टिकल मॉनिटर लेकर जाएगा।

- **एसबीआई ने अमेज़न के साथ समझौता किया**

  भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई ने ई-कॉमर्स सेवा प्रदाता अमेज़न के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के माध्यम से एसबीआई का उद्दश्य अपने ग्राहकों को ई-कॉमर्स वेबसाईट पर भुगतान की सुविधा देना है। इसके अतिरिक्त इस समझौते

के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक को अमेज़न के उन ग्राहकों से जुड़ने का मौका मिलेगा जो इस मंच का नियमित उपयोग करते हैं।

- **वरिष्ठ अभिनेत्री सुधा शिवपुरी का निधन**

  वरिष्ठ अभिनेत्री सुधा शिवपुरी का निधन हो गया। सुधा शिवपुरी ने प्रसिद्ध सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में तुलसी यानी स्मृति ईरानी की दादी सास 'बा' की भूमिका निभाई थी। सुधा शिवपुरी ने टीवी सीरियल्स के अलावा कई हिंदी फिल्मों में भी अभिनय किया। सुधा शिवपुरी ने अभिनेता ओम शिवपुरी के साथ शादी की।

- **इनफ़ोसिस आरई-100 अक्षय ऊर्जा अभियान में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी**

  इनफ़ोसिस आरई-100 अक्षय ऊर्जा अभियान में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी है। आरई-100 उन कम्पनियों का एक वैश्विक मंच है जो 100% अक्षय ऊर्जा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही इनफ़ोसिस विश्व की उन चुनिन्दा कंपनियों में शामिल हो गयी है जिन्होंने अक्षय उर्जा को अपनाने हेतु सराहनीय कदम उठाये हैं। कंपनी ने अपनी प्रति व्यक्ति बिजली खपत कम करके 50% कर दी है तथा कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2018 तक अपने ऊर्जा स्रोतों को 100% अक्षय उर्जा माध्यम से हासिल करना है। इस अभियान में अभी तक 17 कंपनिया जुड़ चुकी हैं।

  **आरई-100**

  आरई-100 एक वैश्विक अभियान है जिसके तहत विभिन्न कंपनियों को 100% अक्षय उर्जा स्रोतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसका उद्देश्य एक निश्चित समयावधि में विश्व की प्रमुख 100 कम्पनियों को 100% अक्षय उर्जा निर्भर बनाना है। आरई-100 का आरंभ 22 सितम्बर 2014 को न्यूयार्क जलवायु सप्ताह (न्यूयॉर्क) के दौरान किया गया।

- **एवरेस्ट पर भारत की पहली चढ़ाई के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन**

  राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 20 मई 2015 को राष्ट्रपति भवन में 'भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन' द्वारा आयोजित माउंट एवरेस्ट पर भारत की ऐतिहासिक चढ़ाई के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन किया। आज ही के दिन 1965 में भारत ने यह उपलब्धि हासिल की थी। विदित हो कि वर्ष 1965 में लेफ्टिनेंट कर्नल एम एस कोहली के नेतृत्व में 21 सदस्यीय भारतीय दल माउंट एवरेस्ट पर पंहुचा था।

- **मेघालय ने PMJDY के अंतर्गत 100% वित्तीय समावेशन प्राप्त किया**

  मेघालय राज्य ने केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत 100% वित्तीय समावेशन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में मेघालय राज्य के सभी 11 जिलों में हर परिवार के पास कम से कम एक बैंक खाता अवश्य खुला हुआ है।

www.crackgpsc.com

- **पीटर एम क्रिश्चयन फेडरल स्टेट ऑफ माइक्रोनेशिया के 8वें राष्ट्रपति**

पीटर एम क्रिश्चयन फेडरल स्टेट ऑफ माइक्रोनेशिया के 8वें राष्ट्रपति निर्वाचित किए गए। यह एक स्वतन्त्र, सम्प्रभु द्वीपीय राष्ट्र है। यह कुल मिलाकर 607 छोटे द्वीपों से मिलकर बना है जो पश्चिमी प्रशान्त महासागर में 2700 किमी तक फैले हैं।

- **हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल अस्त्र का सफल परीक्षण**

भारत ने स्वदेश निर्मित हवा से हवा में मार करने में सक्षम अस्त्र मिसाइल का लड़ाकू विमान सुखोई 30 से ओड़िशा के चांदीपुर के परीक्षण रेंज से सफल परिक्षण किया।

**अस्त्र मिसाइल**

यह भारत की पहली दृष्टि से परे (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। आधुनिक तकनीक पर आधारित इस मिसाइल को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया गया है। यह सुपरसोनिक गति से दुश्मन के विमान को नष्ट कर सकती है। यह हर मौसम में और सभी प्रकार की परिस्थितियों में काम करने में सक्षम है। 3.8 मीटर लंबी अस्त्र मिसाइल डीआरडीओ की सबसे छोटी मिसाइल है। इसे विभिन्न उंचाइयों से प्रक्षेपित किया जा सकता है।

- **प्रत्यक्ष कर मामले पर न्यायाधीश एपी शाह की अध्यक्षता में एचएलसी का गठन**

वित्त मंत्रालय ने 20वें विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश एपी शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) का गठन किया। यह समिति विदेशी संस्थागत निवेशकों पर न्यूनतम वैकल्पिक कर (मैट) से संबंधित विवाद के निपटान के तरीके सुझाएंगी।

- **मैत्रेयी पुष्पा हिन्दी अकादमी के उपाध्यक्ष नियुक्त**

दिल्ली राज्य सरकार ने हिन्दी की लेखिका मैत्रेयी पुष्पा को हिन्दी अकादमी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस अकादमी के अध्यक्ष हैं। हिन्दी अकादमी, दिल्ली की स्थापना वर्ष 1981 में तत्कालीन दिल्ली प्रशासन ने एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में की।

- **अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड**

अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त किया। उनका यह रिकॉर्ड ट्विटर अकाउंट खोले जाने के पांच घंटे में एक मिलियन फ़ोल्लोअर्स जुड़ने के कारण बना। बराक ओबामा ने सोशल मीडिया ट्विटर पर पहली बार एट पोटस (@POTUS) के नाम से अकाउंट खोला।

FREE ONLINE TESTS IN ENGLISH / HINDI / GUJARATI
Current Affairs - General Knowledge

www.crackgpsc.com

- **सिद्धिविनायक मंदिर को आईएसओ प्रमाणीकरण 9001-2008 प्रदान**

  मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर को उसकी सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता परंपराओं के लिए आईएसओ प्रमाणीकरण 9001-2008 प्रदान किया गया। यह मंदिर आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला मुंबई का पहला मंदिर है। सिद्धिविनायक मंदिर का निर्माण वर्ष 1801 में विठ्ठु और देउबाई पाटिल ने करवाया था।

- **भारतीय स्टेट बैंक ने पेपाल के साथ समझौता किया**

  भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई ने विदेशों में धन के लेनदेन के लिए डिजिटल भुगतान कंपनी पेपाल के साथ समझौता किया। प्रारंभ में इस समझौते का उद्देश्य विदेशों में धन का लेन देन करना है, जबकि बाद में घरेलू भुगतान को भी इसमें शामिल करने की योजना है। यह भारतीय स्टेट बैंक का किसी भारतीय उद्यम से पहला समझौता है। पेपाल की दुनिया के 203 देशों में उपस्थिति है। यह कंपनी प्रतिदिन 1.15 करोड़ से अधिक का लेनदेन करती है।

- **भारत ने नए चीनी दूतावास के कार्यक्षेत्र से तिब्बत को अलग किया**

  भारत ने नए चीनी दूतावास के कार्यक्षेत्र से तिब्बत को अलग रखने की घोषणा की। इसके तहत चीन के 'चेंगदू' शहर में भारत का नया दूतावास खुलने पर तिब्बत इसके कार्य क्षेत्र से बाहर रहेगा। भारत के इस निर्णय को चीन से दोस्ती बढ़ाने के क्रम में माना जा रहा है।

- **गर्भ में पल रहे पुरुष बच्चे के लिए पैरासिटामोल दवा हानिकारक**

  यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्रा (ब्रिटेन) के वैज्ञानिको ने यह दावा किया कि गर्भ में पल रहे पुरुष बच्चे के लिए पैरासिटामोल दवा हानिकारक होती है। वैज्ञानिकों के अनुसार दर्द को कम करने वाली ये दवा अगर सात दिनों तक गर्भवती महिला को दी जाती है तो इससे टेस्टोस्टेरोन के विकास पर प्रभाव पड़ता है तथा पेरासिटामोल दवा का लंबे समय तक इस्तेमाल गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे लड़के के विकास को प्रभावित कर सकता है। विदित हो कि टेस्टोस्टेरोन हार्मोन पुरुषों के जननांग के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

- **ओ. पनीरसेल्वम का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा**

  एआईएडीएमके (AIADMज) के नेता ओ. पनीरसेल्वम ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। ओ. पनीरसेल्वम के इस्तीफे के बाद जे जयललिता को सर्वसम्मति से अन्नाद्रमुक पार्टी (एआईएडीएमके) के विधायक दल का नेता चुना गया।

- **वैज्ञानिक प्रकाशन के क्षेत्र में भारत छठवें स्थान पर**

  विज्ञान व तकनीकी विभाग के अनुसार वैज्ञानिक प्रकाशन के मामले में भारत छठवें स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले भारत का स्थान दसवां था।

www.crackgpsc.com

## ➢ 4th week

- **अंडमान व निकोबार पुलिस विभाग द्वारा 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित**

  अंडमान और निकोबार पुलिस विभाग ने निरीक्षक और उप निरीक्षक पदों पर 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रखने का प्रस्ताव दिया। वर्तमान में अंडमान व निकोबार पुलिस विभाग में महिलाओं की संख्या मात्र 18% है।

- **संपूर्ण भारत में 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया**

  भारत भर में 21 मई 2015 को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इसी दिन 1991 को देश के 7वें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरुंबुदूर में लिट्टे के एक मानव बम द्वारा हत्या कर दी गई थी। तभी से राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए आज का दिन आतंकवाद विरोधी दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

- **साइना नेहवाल बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर**

  भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल बीडब्ल्यूएफ द्वारा जारी विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर पहुंच गई।

- **विश्व ग्रीन बिल्डिंग फुटप्रिंट में भारत दूसरे स्थान पर**

  भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) के मुताबिक भारत में 3 बिलियन वर्गफीट से ज्यादा क्षेत्रफल में ग्रीन बिल्डिंग परियोजनाएं पंजीकृत हो चुकी हैं। इस उपलब्धि के साथ विश्व ग्रीन बिल्डिंग फुटप्रिंट में भारत दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। आईजीबीसी का लक्ष्य वर्ष 2022 तक 10 बिलियन वर्गफीट क्षेत्र में रोपण करना है। आईजीबीसी औद्योगिक संस्था कान्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) का एक भाग है, जो भारत में ग्रीन बिल्डिंग अभियान को प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। ग्रीन बिल्डिंग में पानी का कम इस्तेमाल, ऊर्जा क्षमता का सही उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, कम कचरा उत्पादन और रहने वालों को एक पारंपरिक बिल्डिंग की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्द्धक माहौल मिलता है।

- **एनएमडीसी वर्ष 2015 के प्लेट्स ग्लोबल मेटल एवार्ड से सम्मानित**

  सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न उपक्रम राष्ट्रीय खनिज विकास निगम को वर्ष 2015 के प्लेट्स ग्लोबल मेटल एवार्ड से सम्मानित किया गया। यह भारत का पहला ऐसा उपक्रम है जिसे कच्चे माल और खनन क्षेत्र में उच्च नेतृत्व के लिए इस सम्मान से सम्मानित किया गया।

- **सीरिया के ऐतिहासिक शहर पल्माइरा पर आईएस का कब्ज़ा**

  इस्लामिक स्टेट ऑफ़ ईराक एंड सीरिया के उग्रवादियों ने सीरिया के ऐतिहासक शहर पल्माइरा पर पूरी तरह से कब्ज़ा कर लिया। यूनेस्को के अनुसार पल्माइरा दो हजार वर्ष पुराना शहर है। इसे 1980 में विश्व धरोहर का दर्जा दिया गया था। विश्वप्रसिद्ध 'टेम्पल ऑफ़ बेल' इसी शहर में स्थित है।

www.crackgpsc.com

- **जी मोहन कुमार नए रक्षा सचिव नियुक्त**

  जी. मोहन कुमार को भारत का रक्षा सचिव नियुक्त गया। रक्षा सचिव नियुक्त होने से पहले वह रक्षा उत्पादन विभाग में सचिव थे। जी. मोहन कुमार 28 मई 2015 को सेवानिवृत्त हो रहे राधा कृष्णा माथुर का स्थान लेंगे।

- **22 मई 2015 को अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस मनाया गया**

  22 मई 2015 को 'अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस' मनाया गया। इसे 'विश्व जैव-विविधता संरक्षण दिवस' भी कहते हैं। वर्ष 2015 के अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस का विषय 'निरंतर विकास के लिए जैव विविधता' (Biodiversity for Sustainable Development) रखा गया। इस दिवस का उद्देश्य पारिस्थितिकीय तंत्र के संरक्षण एवं संवर्द्धन के प्रति जन-जागरूकता को फैलाना है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने प्राकृतिक एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में जैव-विविधता का महत्व देखते हुए जैव-विविधता दिवस को अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

- **जयललिता ने तमिलनाडु की मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली**

  ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) की महासचिव जे. जयललिता ने 5वें कार्यकाल के लिए तमिलनाडु की मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली। तमिलनाडु के राज्यपाल के. रोसैया ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

- **लोकतंत्र पर्यावरण सूचकांक में भारत 24वें स्थान पर**

  वाशिंगटन स्थित वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टिट्यूट और एक्सेस इनिशिएटिव ने विश्व के पहले लोकतंत्र पर्यावरण सूचकांक को जारी किया। लोकतंत्र पर्यावरण सूचकांक में कुल 70 देशों को शामिल किया गया था जिसमे से भारत का स्थान 24वां है। सूचकांक में बाल्टिक सागर के किनारे स्थित लिथुआनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पर्यावरण लोकतंत्र सूचकांक पर्यावरण सम्बन्धी निर्णय लेने और इसमें लोगो की भागीदारी को बढाने के लिए किसी देश में बनाए गए कानूनों का आकलन करने वाला एक सूचकांक है।

- **परविंदर सिंह बट्ट वोकिंघम शहर के मेयर नियुक्त**

  भारतीय मूल के परविंदर सिंह बट्ट ने ब्रिटेन स्थित वोकिंघम शहर के मेयर का पद ग्रहण किया। वे इस पद को संभालने वाले सिख मूल के पहले व्यक्ति हैं। परविंदर मूल रूप से पंजाब के रहने वाले हैं।

- **आयरलैंड समलैंगिक विवाह को संवैधानिक रूप से वैध करने वाला पहला देश**

  आयरलैंड गणराज्य संवैधानिक रूप से समलैंगिक विवाह को वैध करने के लिए विश्व का पहला देश बन गया। इस संशोधन के लिए देश में मतदान आयोजित किया गया था। मतदान

www.crackgpsc.com

में 62.1% लोगों ने संविधान में संशोधन के पक्ष में मत डाला। विदित हो कि आयरलैंड में लिखित सविंधान है जिसमे संशोधन केवल जनमत के आधार पर ही किया जा सकता है।

- **दो भारतीय शांति सैनिक डैग हैम्मरस्कजोल्ड पदक के लिए चयनित**

  दो भारतीय शांति सैनिक लांस नायक नंद राम और राजू यूसुफ को मरणोपरांत संयुक्त राष्ट्र के प्रतिष्ठित डैग हैम्मरस्कजोल्ड पदक से सम्मानित करने के लिए चुना गया। लांस नायक नंद राम ने कॉंगो गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थिरता मिशन में भाग लिया था। जबकी राजू यूसुफ ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सुडान कार्यक्रम में भाग लिया था।

- **मनदीप संधू ने विश्व जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता**

  भारत की मनदीप संधू ने एआइबीए विश्व जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक (52 किग्रा) जीता।

- **भारतीय मुक्केबाजों को विश्व जूनियर महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण पदक**

  भारतीय जूनियर महिला मुक्केबाजों ने महिला जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप तीन स्वर्ण और दो रजत सहित कुल पांच पदक जीते। सविता (50 किग्रा), मनदीप संधू (52 किग्रा) और साक्षी (54 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते।

- **भारत की दीपा कुमारी को अंतरराष्ट्रीय आउटडोर अंपायर का दर्जा दिया गया**

  अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एसआईएच) अंपायरिंग समिति ने भारत की दीपा कुमारी को अंतरराष्ट्रीय आउटडोर अंपायर का दर्जा प्रदान किया। दीपा कुमारी ने वर्ष 2010 में अंपायरिंग कॅरियर की शुरुआत की थी और भारत में कई घरेलू टूर्नामेंटों में अंपायर रह चुकी हैं।

- **मुंबई इंडियंस टीम ने आइपीएल-8 का खिताब जीता**

  मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपरकिंग्स को हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल)-8 का खिताब जीता। ब्रावो ने सुपर किंग्स के लिए सर्वाधिक दो विकेट लिए और कुल 26 विकेट के साथ वह आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। रोहित शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसके साथ ही मुंबई ने दूसरी बार आइपीएल खिताब जीता। इससे पहले 2013 में भी मुंबई ने चेन्नई को ही फाइनल में हराया था। इस जीत के साथ ही मुंबई, चेन्नई सुपरकिंग्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के बाद दो बार चैंपियन बनने वाली तीसरी टीम बन गई है। मुंबई इंडियंस ने फाइनल मुकाबले में 202 रन बनाए। ये आईपीएल फाइनल का दूसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। इससे ज्यादा रन चेन्नई सुपरकिंग्स ने 2011 के फ़ाइनल में बेंगलोर के खिलाफ 205 रन बनाए थे। आईपीएल फ़ाइनल की हार चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी की बतौर कप्तान 50वीं हार थी। वे टूर्नामेंट के इतिहास के इकलौते ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने कप्तान के तौर पर 50 से ज्यादा मैच जीते हैं और 50 मैच हारे हैं।

- **रोज़बर्ग ने जीती मोनाको ग्रां प्री फ़ॉर्मूला वन रेस**
  मर्सडीज़ के जर्मन ड्राईवर निको रोज़बर्ग ने मोनाको ग्रां प्री फ़ॉर्मूला वन रेस में जीत हासिल की। ग्रां प्री रेस में उन्होंने लगातार तीसरे वर्ष जीत दर्ज की।

- **नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री 'जॉन नैश' का निधन**
  नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री और गणितज्ञ 'जॉन नैश' की न्यूजर्सी में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। नैश को 'गेम थ्योरी' पर किए शोध के लिए वर्ष 1994 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। नैश सिजोफ्रेनिया से पीड़ित थे। उनके जीवन पर वर्ष 2001 में ऑस्कर विजेता हॉलीवुड फिल्म 'ए ब्यूटीफुल माइंड' बनी थी। इस फिल्म में अभिनेता रसेल क्रो ने मानसिक बीमारी से जूझते गणितज्ञ की भूमिका अदा की थी।

- **जयललिता द्वारा 1800 करोड़ रूपए की कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा**
  पांचवी बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के उपरांत जयललिता ने 1800 करोड़ रूपए की कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की। इन कल्याणकारी योजनाओं में सड़कों में सुधार और पेयजल सुविधा तथा महिला मुखिया वाले जरूरतमंद परिवारों को सहायता देना आदि शामिल है।

- **रंजीत सिंह बक्शी ब्यूरो ऑफ इंटरनेशनल रिसाइक्लिंग के अध्यक्ष बने**
  भारतीय मूल के ब्रिटिश उद्यमी रंजीत सिंह बक्शी को वैश्विक संगठन 'ब्यूरो ऑफ इंटरनेशनल रिसाइक्लिंग' (बीआइआर) का प्रमुख चुना गया।

- **सी एस संतोष मोटर स्पोर्ट मैन ऑफ़ द इयर पुरस्कार से सम्मानित**
  बाइकर सी_एस_संतोष_को फेडरेशन ऑफ़ मोटर स्पोर्ट क्लब ऑफ़ इण्डिया (एफएमएससीआई) के 'मोटर स्पोर्ट मैन ऑफ़ द इयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सी एस संतोष भारत के एक मात्र ऐसे बाइकर हैं जिन्होंने डकार रैली में भाग लिया और उसे सफलतापूर्वक पूरा भी किया है।

- **डॉ_विजय_माल्या को मोटर खेल में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड**
  डॉ_विजय_माल्या_को भारत में मोटर खेल में उनके योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया गया।

- **वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला आण्विक पंप बनाने में सफलता पाई**
  अमेरिकी वैज्ञानिकों के एक समूह ने दुनिया का पहला आण्विक पंप बनाने में सफल होने की घोषणा की। यह पंप जरूरी प्रोटीन को कोशिकाओं तक पहुंचाने का काम करता है। इस पंप का इस्तेमाल कृत्रिम मांसपेशियों में शक्ति देने के लिए किया जा सकेगा। यह आण्विक पंप,

जीवन को बनाए रखने के लिए जरूरी प्रोटीन को पंप करने वाली प्राकृतिक प्रणाली की नकल है।

- **प्रदीप बैजल ने अपनी पुस्तक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर आरोप लगाया**

  ट्राई (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बैजल ने अपनी पुस्तक 'द कंप्लीट स्टोरी ऑफ इंडियन रिफॉर्म्सः 2जी पावर ऐंड प्राइवेट एंटरप्राइज: ए प्रैक्टिसनर डायरी' में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर 2जी घोटाले में आरोपी होने का आरोप लगाया। 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले में कंपनियों को नीलामी की बजाए पहले आओ और पहले पाओ की नीति पर लाइसेंस दिए गए थे। इसमें भारत के महालेखाकार और नियंत्रक (कैग) के अनुसार सरकारी खजाने को एक लाख 76 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

- **फ्रेंच फिल्म धीपन कान फिल्म समारोह में पाल्मे डी'ऑर पुरस्कार से सम्मानित**


  फ्रेंच फिल्म 'धीपन' को 68 वें कान फिल्म समारोह में पाल्मे डी' ऑर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह फिल्म जैक्स ऑडीऑर्ड द्वारा निर्देशित है। 'धीपन' फिल्म तीन तमिल शरणार्थियों के बारे में हैं जो अपने युद्धग्रस्त देश से फ्रांस में पलायन करने के लिए परिवार का ढोंग करते हैं।

  **अन्य पुरस्कार :**

  - द ग्रैंड प्रिक्स : लेज़लो नेमेस द्वारा निर्देशित फिल्म "सन ऑफ़ सोल"
  - सर्वश्रेष्ठ निर्देशक : "द एशियन" के निर्देशक होउ हसाओ-हसें
  - सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: एम्मान्युएल बेरकोट और रूनी मारा
  - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: "द मेजर ऑफ़ मेन" के लिए विन्सेंट लिंडन

- **आईसीआईसीआई बैंक ने ग्राहकों के लिए 'आवाज पासवर्ड' सुविधा लांच की**

  देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने एक ऐसी सेवा शुरू की जिसके द्वारा ग्राहक अपनी आवाज का इस्तेमाल पासवर्ड के तौर पर कर सकते हैं। यह सेवा ग्राहकों को त्वरित, सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से बैंक के कॉल सेंटर के माध्यम से बैंकिंग लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगा। इसके साथ, आईसीआईसीआई यह सेवा की प्रदान करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया।




www.crackgpsc.com

- **सीएट क्रिकेट पुरस्कार 2014-15**
    - ❖ 'सीएट इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर' - कुमार संगकारा
    - ❖ लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड - कपिल देव
    - ❖ 'टी20 प्लेयर ऑफ द ईयर' - ड्वेन ब्रावो
    - ❖ यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर' - दीपक हुड्डा
    - ❖ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज - हाशिम अमला
    - ❖ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज - रंगना हेराथ
    - ❖ 'सिएट इंडियन प्लेयर ऑफ द ईयर' - अजिंक्य रहाणे
    - ❖ स्पेशल परफार्मेंस ऑफ द ईयर - रोहित शर्मा

- **ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ तथा फ्यूचर ग्रुप के बीच समझौता**

  ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ तथा फ्यूचर कंज्यूमर एंटरप्राइज के बीच उत्पादों की सेल के लिए समझौता हुआ। इस के तहत आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ अपना उपभोक्ता व्यापार संबंधित उत्पाद फ्यूचर ग्रुप को बेचेगी।

- **इजराइल में 2000 वर्ष पुरानी जल आपूर्ति प्रणाली का पता चला**

  इजराइल के येरुशलम शहर में खुदाई के दौरान 2000 वर्ष पुरानी जल आपूर्ति व्यवस्था का पता चला। अनुमानतः इसकी लम्बाई 21 किलोमीटर है। लम्बी दूरी तक मौजूद होने के बावजूद इसका बहाव बेहद धीमा है।

- **जीपीएस युक्त भू संवर्धित नेविगेशन प्रणाली पूरी तरह से चालू**

  इसरो ने जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) युक्त भू संवर्धित नेविगेशन प्रणाली (GPS Aided Geo Augmented Navigation,GAGAN) के पूर्ण संचालन की घोषणा की। इस के साथ ही भारत, अमेरिका, यूरोप और जापान के बाद अंतर-प्रचलित उपग्रह आधारित विस्तार प्रणाली (एसबीएएस) वाला चौथा राष्ट्र बन गया। साथ ही गगन (GAGAN, GPS Aided Geo Augmented Navigation) भूमध्य क्षेत्र में एसबीएएस प्रणाली की सेवा देने वाली विश्व की पहली प्रणाली भी बन गई।

- **दिल्ली सरकार ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट में जीपीएस लगाना अनिवार्य किया**

  दिल्ली सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा हेतु 1 जून 2015 से पब्लिक ट्रांसपोर्ट में जीपीएस लगाना अनिवार्य करने की घोषणा की। इसके तहत सभी वाहनों को नए सिरे से फिटनेस सर्टिफिकेट लेने का आदेश जारी किया गया। खासकर महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया।

- **द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास सिम्बेक्स-15 का सिंगापुर में शुभारम्भ**

  भारत और सिंगापुर के द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास सिम्बेक्स-15 का आयोजन सिंगापुर में

www.crackgpsc.com

किया गया। इस दौरान वायु रक्षा, समुद्री रक्षा और खोज एवं बचाव कार्य के क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभ्यास किया गया।

- **गुजरात सरकार ने भालुओं की आवास परियोजना का शुभारम्भ किया**

  गुजरात सरकार ने जेसोर वन्यजीव अभयारण्य की पारिस्थितिकी में भालू की एक प्रजाति 'स्लोथ बियर' को बेहतर आवास उपलब्ध करवाने के लिए एक 'स्लोथ आवास परियोजना' की शुरूआत की। इसके तहत अभयारण्य में और अधिक पेड़ लगाए जाएंगे और अवांछित वनस्पति को यहां से हटाया जाएगा। वर्ष 2011 में हुई गणना के अनुसार, राज्य के वनों में लगभग 293 स्लोथ बियर पाए गए थे। स्लोथ भालू काले और भूरे रंग के होते हैं और इनकी छाती पर पीले धब्बे होते हैं। स्लोथ भालू प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) की 'रेड लिस्ट' में शामिल हैं।

- **केंद्र सरकार ने 'टार्गेट ओलिम्पिक पोडियम' योजना की घोषणा की**

  केंद्र सरकार ने 'टार्गेट ओलिम्पिक पोडियम' योजना की घोषणा की। राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) के तहत बनायी गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2016 और 2020 के ओलिम्पिक खेलों में पदक जीतने का सामर्थ्य रखने वाले खिलाड़ियों की पहचान करना और उन्हें सहायता देना है। इस योजना में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, कुश्ती और निशानेबाजी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना के तहत योग्य खिलाड़ियों के चयन, प्रदर्शन के आकलन और योजना के संचालन के लिए विस्तृत नियम निर्धारित करने के लिए सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में 'टीओपी स्कीम इलीट एथलीट्स आइडेंटीफिकेशन कमिटी' नामक एक समिति का गठन किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में राहुल द्रविड़, पुलेला गोपीचंद, अभिनव बिंद्रा और एम सी मैरीकोम शामिल हैं।

- **पीपीपी मॉडल पर विचारार्थ डॉ. विजय केलकर की अध्यक्षता में समिति गठित**

  बुनियादी ढांचागत विकास के पीपीपी मॉडल पर नये सिरे से विचार करने व इसमें नई जान फूंकने हेतु पूर्व वित्त सचिव डॉ. विजय केलकर की अध्यक्षता में अध्यक्ष सहित दस सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

- **फोर्ब्स ने जारी की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची**

  अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स द्वारा विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की गई। सूची में जर्मनी की वाइस चांसलर एंजेला मार्केल प्रथम स्थान पर, अमेरिका राष्ट्रपति उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन दूसरे स्थान पर समाज सेवी मेलिंडा गेट्स तीसरे स्थान पर है। इस में भारत की 4 महिलाएं शामिल हैं। इन चार भारतीय महिलाओं में एसबीआई बैंक प्रमुख अरूंधती भट्टाचार्य, आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख चंदा कोचर, बायोकॉन संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ और एचटी मीडिया की अध्यक्ष शोभना भारती शामिल हैं। सूची में अरूंधती

www.crackgpsc.com

भट्टाचार्य 30वें स्थान पर जबकी चंदा कोचर 35वें स्थान पर रहीं। इस सूची में भारतीय मूल की दो महिला पेप्सिको प्रमुख इंदिरा नूयी और सिस्को की मुख्य प्रौद्योगिकी और रणनीति अधिकारी पद्मास्री वारियर के भी नाम हैं।

- **भारत और वियतनाम ने रक्षा सहयोग हेतु संयुक्त विजन पर हस्ताक्षर किया**
  भारत और वियतनाम ने वर्ष 2015-2020 के लिए रक्षा सहयोग पर संयुक्त विजन वक्तव्य पर हस्ताक्षर किया। दोनों देशों ने पारस्परिक लाभ के लिए चालू रक्षा सहयोग कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। विदित हो की वियतनाम के रक्षामंत्री जनरल फूंग क्वांग थान, भारत के रक्षामंत्री मनोहर पर्रिकर के आमंत्रण पर भारत की तीन दिन की सरकारी यात्रा पर मई 2015 में भारत आये थे।

- **किसानों को समर्पित भारत का पहला टेलीविजन चैनल 'डीडी किसान' लांच**
  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में किसानों को समर्पित भारत का पहला टेलीविजन चैनल 'डीडी किसान' लांच किया। इस चैनल शुरु करने का उद्देश्य किसानों को खेती से जुड़ी जानकारी देना है। इस पर कृषि की नई तकनीकि और किसानों की चिंताओं से जुड़े कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा।

- **संयुक्त राज्य अमेरिका में एच-4 वीज़ा को मंज़ूरी**
  संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) में एच-4 वीज़ा धारकों के रोज़गार प्राधिकार आवेदन स्वीकार करना आरंभ कर दिया गया। एच-4 वीज़ा अप्रवासी कामगारों के परिवारजनों को दिया जाता है।

- **भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक लता वेंकटरमण ने पहला एकल अणु डिवाइस बनाया**
  भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक लता वेंकटरमण के नेतृत्व में कोलंबिया इंजीनियरिंग शोध संस्थान के शोधकर्ताओं के एक समूह ने एकल अणु डिवाइस बनाने में सफलता प्राप्त की। एकल अणु डिवाइस का निर्माण अपने तरह का विश्व का पहला निर्माण है।

- **सिंगापुर ने भारतीय मूल के एस चंद्र दास को श्रीलंका में राजदूत नियुक्त किया**
  सिंगापुर ने भारतीय मूल के व्यक्ति एस चंद्र दास को श्रीलंका में राजदूत नियुक्त किया। एस चंद्र दास इससे पूर्व तुर्की में सिंगापुर के राजदूत रह चुके हैं। दास वर्ष 1980 से 1996 तक सिंगापुर में सांसद थे और निवर्तमान में सिंगापुर के एनयूआर इंवेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कई कंपनियों के प्रबंध निदेशक हैं।




www.crackgpsc.com

- **फुटबॉल क्लब सेविला (एफसी) ने चौथी बार यूरोपा लीग फुटबॉल का खिताब जीता**

  स्पेन के फुटबॉल क्लब सेविला (एफसी) ने यूरोपा लीग खिताब जीता। सेविला ने यूक्रेन के क्लब निप्रो निप्रोपेट्रोस फुटबॉल क्लब को हरा दिया। इसके साथ ही सेविला चौथी बार यूरोपा लीग फुटबॉल का खिताब जीतने वाला पहला क्लब बन गया।

- **मानबी बंधोपाध्याय देश की पहली ट्रांसजेंडर प्रिंसिपल नियुक्त**

  भारत में पहली बार ट्रांसजेंडर प्रिंसिपल के रूप में मानबी बंधोपाध्याय को 'पश्चिम बंगाल के कृष्णा नगर वुमन्स कॉलेज' में प्रिंसिपल नियुक्त किया गया। ट्रांसजेंडर मानबी वर्तमान में विवेकानंद सतोवार्षिकी महाविद्यालय में बांग्ला की एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

- **गुरनीमृत "निम्मी" सिद्धू को 'यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड इंस्परेशनल टीचर अवार्ड'**

  भारतीय मूल की शिक्षिका गुरनीमृत "निम्मी" सिद्धू को 'यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड इंस्परेशनल टीचर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अपनी एक छात्रा को प्रवेश दिलाने में मदद करने के लिए दिया गया।

- **त्रिपुरा सरकार ने राज्य से एएफएसपीए हटाने का फैसला किया**

  त्रिपुरा राज्य सरकार ने राज्य से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को हटाने का फैसला किया। आतंकवाद प्रभावित त्रिपुरा राज्य में यह अधिनियम 18 वर्षों से लागू था। त्रिपुरा में आतंकवाद के मामलों में कमी को देखते हुए राज्य के मंत्रिमंडल ने मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य से अफस्पा हटाने का फैसला लिया गया।

- **सशस्त्र बल (विशेष अधिकारों) अधिनियम (एएफएसपीए), 1958**

  भारतीय संसद ने 11 सितंबर 1958 को सशस्त्र बल (विशेष अधिकारों) अधिनियम (एएफएसपीए), 1958 बनाया था। इसे शुरू में पूर्वोत्तर भारत के हिंसा प्रभावित इलाक़ों में लागू किया गया था। यह अधिनियम असम, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा एवं अरुणाचल प्रदेश एवं मिज़ोरम के संघ शासित प्रदेश के अशांत क्षेत्रों में सेना को विशेषाधिकार प्रदान करता है। यह सेना को बिना किसी वारंट के ऐसे किसी भी व्यक्ति जिसने संज्ञेय अपराध किया हो या जिस पर यह उचित संदेह मौजूद हो, की गिरफ्तारी का अधिकार देता है। सेना द्वारा अशांत क्षेत्रों में पांच या ज्यादा लोगों के एक जगह इक्ट्ठा होने पर लगी रोक या किसी भी प्रकार के कानून या व्यवस्था के आदेश के उल्लंघन के मामले में या हथियार, गोला बारूद या विस्फोटक पदार्थों को ले जाने वाले ऐसे किसी भी व्यक्ति को गोली मारने का भी अधिकार देती है।

- **अमेरिकी राज्य नेब्रास्का में मृत्यु दंड को समाप्त किया गया**

  अमेरिकी राज्य नेब्रास्का ने मृत्युदंड समाप्त करने की घोषणा की। इस निर्णय के साथ ही नेब्रास्का वाशिंगटन सहित उन 18 राज्यों में शामिल हो गया जिनमें मृत्युदंड पर प्रतिबन्ध

www.crackgpsc.com

लगाया गया है। पिछले चार दशकों में ऐसा निर्णय लेने वाला यह अमेरिका का पहला राज्य है।

- **वर्ष 2017 में मक्का में खुलेगा विश्व का सबसे बड़ा होटल 'अब्राज कुदाई'**

  वर्ष 2017 में 10000 बेडरूम की केपेसिटी वाला दुनिया का सबसे बड़ा होटल अब्राज कुदाई मक्का में खुलेगा। वर्तमान में मकाओ में स्थित 'वेनिस मकाओ' (चीन) 3000 बेडरूम की विशेषता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा होटल है। यह डार अल-हंदशाह समूह द्वारा डिजाइन किया गया है।

- **वोडाफोन ने 4.2 प्रतिशत हिस्सेदारी भारती एयरटेल को बेची**

  ब्रिटिश दूरसंचार कंपनी वोडाफोन ने 20 करोड़ डॉलर में अपनी 4.2% हिस्सेदारी बेचकर भारती एयरटेल से अलग होने का निर्णय लिया। टेलिकॉम कम्पनियों के लिए जारी किये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार एक टेलिकॉम कंपनी दूसरी कंपनी में 9.9% तक की हिस्सेदारी रख सकती है।

- **प्रसिद्ध वैज्ञानिक एस क्रिस्टोफर डीआरडीओ के महानिदेशक नियुक्त**

  प्रसिद्ध वैज्ञानिक एस क्रिस्टोफर को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। इसके अलावा, रक्षा मंत्री मनोहर परिकर के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में डॉ जी एस रेड्डी को नियुक्त किया। वह इससे पहले डीआरडीओ के मध्यम दूरी मिसाइल कार्यक्रम के निदेशक रह चुके हैं।

- **अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् ने खिलाड़ियों की टेस्ट रैंकिंग जारी की**

  अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा खिलाड़ियों की टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाजो में के सी संगकारा (श्रीलंका) जबकि गेंदबाजो में डेल स्टेन (दक्षिण अफ्रीका) प्रथम स्थान पर। बल्लेबाजों में भारत के टेस्ट कप्तान विराट कोहली दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजों के शीर्ष दस स्थान की सूची में कोई भारतीय नहीं हैं।

- **'संसद रत्न पुरस्कार 2015' हेतु पीपी चौधरी सहित 4 सांसदों का चयन**

  भाजपा के सांसद पीपी चौधरी सहित चार लोक सभा सदस्यों (सांसदों) का चयन 'संसद रत्न पुरस्कार 2015' हेतु किया गया। पीपी चौधरी को संसद रत्न पुरस्कार 2015' के साथ ही नवोदित संसद रत्न पुरस्कार 2015 के लिए भी चुना गया। चयनित सांसदों में पीपी चौधरी के अलावा चंदू बार्ने शिरंग (शिव सेना) निशिकांत दूबे (भाजपा) सुप्रिया शूले (एनसीपी) भी शामिल हैं।

- **अभिनव बिंद्रा ने रियो ओलंपिक 2016 के लिए क्वालीफाई किया**

  भारत के एकमात्र व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने रियो ओलंपिक 2016 के पुरुषों की एयर राइफल स्पर्धा में कोटा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने म्यूनिख में

www.crackgpsc.com

आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पुरुषों के दस मीटर एयर राइफल में छठा स्थान प्राप्त कर कोटा स्थान हासिल किया।

- **असम के नलबाड़ी जिले में मैगा फूड पार्क का उद्घाटन किया गया**

  केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल और असम के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने असम के नलबाडी जिले में पूर्वोत्तर के पहले मैगा फूड पार्क का उद्घाटन किया। इस मैगा फूड पार्क से हर वर्ष करीब 450-500 करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना है।

- **सुभाष घई आईफा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार हेतु चयनित**

  फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई का चयन वर्ष 2015 के लिए आईफा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार जिसे हेतु किया गया। इस पुरस्कार को अब 'भारतीय सिनेमा में सराहनीय योगदान' नाम दिया गया है। सुभाष घई को यह सम्मान भारतीय सिनेमा में उनके बेहतरीन योगदान और अपने मीडिया संस्थान व्हिसलिंग वुड्स के द्वारा युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए दिया जाएगा। सुभाष घई ने हीरो, कर्मा, सौदागर, खलनायक, रामलखन और परदेश जैसी कई फिल्में बनाई है।

- **प्रदीप कुमार सिन्हा नए कैबिनेट सचिव नियुक्त**

  प्रदीप कुमार सिन्हा नए कैबिनेट सचिव के रूप में नियुक्त। वे अजित सेठ का स्थान लेंगे। प्रदीप कुमार सिन्हा जुलाई 2013 से ऊर्जा मंत्रालय में सचिव पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वह जहाजरानी मंत्रालय में भी सचिव रह चुके हैं।

- **वी ए प्रशांत इंडियन बैंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त**

  वी ए प्रशांत को इंडियन बैंक का मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया गया। इस से पूर्व वे इंडियन बैंक के महाप्रबंधक के रूप में सेवारत थे। इंडियन बैंक की स्थापना 1907 में हुई थी। इसका मुख्यालय चेन्नई में है।

- **हिमाचल प्रदेश में 'अजन्मी बेटी के लिए दौड़' प्रतियोगिता का आयोजन**

  हिमाचल प्रदेश में मानव अधिकार और न्याय फोरम (शिमला) द्वारा अजन्मी लड़की की रक्षा के लिए अजन्मी बेटी के लिए दौड़ नाम से एक मैराथन का आयोजन किया गया। इस का उद्देश्य बालिकाओं को बचाने और पहाड़ी राज्य में गिरते लिंगानुपात को नियंत्रित करना था। हिमाचल प्रदेश दस सबसे खराब लिंगानुपात वाले राज्यों में से एक है।

- **सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार कनाडा में सम्मानित**

  सुपर-30 के संस्थापक तथा गणितज्ञ आनंद कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के कारण कनाडा में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ब्रिटिश कोलंबिया की विधायिका द्वारा भारत में प्रतिभावान निर्धन बच्चों को उच्च संस्थानों में प्रवेश दिलाने के लिए दिए जा रहे गुणवत्ता प्रशिक्षण के कारण दिया गया। सुपर-30 पिछले 14 वर्षों से पिछड़े

www.crackgpsc.com

वर्गों के 30 विद्यार्थियों को आईआईटी में प्रवेश दिलाने के लिए प्रवेश परीक्षा की मुफ्त तैयारी करा रहा है। अब तक सभी विद्यार्थी सफल हुए हैं।

- **डॉ. जी. सतीश रेड्डी रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त**

  डॉ. जी. सतीश रेड्डी को रक्षा मंत्री मनोहर पार्रिकर का वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया गया। इस से पहले डॉ.जीएस रेड्डी डीआरडीओ के मध्यम दूरी मिसाइल कार्यक्रम के निदेशक रहे। डॉ. जी. सतीश रेड्डी नेविगेशन और वैमानिकी प्रद्यौगिकी के विशेषज्ञ हैं। इनके नेतृत्व में अग्नि ए 1, ए 2, ए 3, ए 4, ए 5, पृथ्वी, धनुष, आकाश, ब्रह्मोस, निर्भय जैसे कई मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जा चुका है।

- **एनसीडीईएक्स ने स्वर्ण अनुबंध हेतु गोल्ड नाउ प्लेटफ़ॉर्म की शुरुआत की**

  नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एनसीडीईएक्स) ने गोल्ड नाउ नामक प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया जिसके तहत स्वर्ण कारोबार को लाभ पहुँचाने हेतु कदम उठाये जायेंगे। यह भारत में निर्मित स्वर्ण को देश में ही खरीदने तथा बेचने के लिए बनाया गया है।

  **गोल्ड नाउ का महत्व** :

  अनुमानतः 20,000 मीट्रिक टन स्वर्ण भारत के मंदिरों, ट्रस्ट तथा लोगों के घरों में मौजूद है। यदि इसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाए तो देश में स्वर्ण आयात की आवश्यकता काफी हद तक कम हो सकती है।

- **31 मई : विश्व तंबाकू निषेध दिवस**

  31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। यह दिन सभी रूपों में तंबाकू की और तंबाकू की खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत करता है और तंबाकू खपत से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डालता है। 1988 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक संकल्प पारित किया जिसके तहत प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।

- **यदुवीर कृष्णदत्त की मैसूर के 27वें महाराजा के रूप में ताजपोशी**

  यदुवीर कृष्णदत्त वॉडेयार की मैसूर के 27वें महाराजा के रूप में ताजपोशी की गयी। वॉडेयार राजवंश ने मैसूर पर वर्ष 1399 से 1947 तक शासन किया। अंतिम शासक जयचमराजेंद्र वॉडेयार ने 1940 से 1947 तक तक शासन किया।

- **असम के माजुली में चौथा पूर्वोत्तर युवा महोत्सव प्रारंभ**

  चौथा पूर्वोत्तर युवा महोत्सव असम के माजुली में प्रारंभ हुआ। महोत्सव युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

www.crackgpsc.com

- **'विश्व में खाद्य असुरक्षा की स्थिति 2015': संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट**
  संयुक्त राष्ट्र के खाद्य व कृषि संगठन (एफएओ) ने विश्व की भूखमरी पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट 'विश्व में खाद्य असुरक्षा की स्थिति 2015' जारी की। रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में भूखे लोगों की संख्या में कमी आई है। विश्व के सर्वाधिक भूखों की संख्या उपसहारा अफ्रीका क्षेत्र में है जहां भूखों की संख्या 23.2% है। भारत में 19.40 करोड़ भूखे लोग हैं। भारत में 194.6 लाख लोग अभी भी कुपोषित हैं। अभी भी दुनिया में कुपोषित लोगों की दूसरी सबसे अधिक संख्या भारत में रहती है।




100 प्रश्नों का खजाना
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
करन्ट शतक

www.crackgpsc.com